दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak






वर्ष: 3 | अंक: 133 जयपुर, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### छोटी काशी में हनुमान जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

**जयपुर।** छोटी काशी में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर हनुमान एवं राम मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। हनुमान जयंती पर शहर के काले हनुमानजी मंदिर, खोले के हनुमानजी मंदिर, चांदपोल के हनुमान मंदिर सहित अधिकांश मंदिरों में सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बालाजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शाम को आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर मंदिरों पर आकर्षक रोशनी की गई।

■ पेज 3 भी देखें

## एडहॉक कमेटी ने चौंप में बन रहे भारत के दूसरे सबसे बड़े स्टेडियम के निर्माण में धांधली की जांच के लिए सरकार को लिखा पत्र

# चौंप स्टेडियम के निर्माण में गड़बड़ी... जांच के लिए सिफारिश

■ स्टेडियम में अब तक हो चुका 25 फीसदी निर्माण कार्य ■ छत्तीसगढ़ की निर्माण कंपनी कर रही है काम

**बेधड़क | जयपुर**

दर्शक क्षमता के लिहाज से अहमदाबाद के बाद भारत का दूसरा और दुनिया का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम जयपुर के चौंप (चौमूं) में आकार लेने से पहले ही विवादों में आ गया है। सरकारें बदलने के साथ ही पिछले 20 सालों से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) में विवाद शुरू हो जाता है। क्योंकि सत्ता पक्ष के लोग अचानक आरसीए को हाईजेक कर लेते हैं और विपक्ष में आने के बाद आरसीए के पदाधिकारी नतमस्तक हो जाते हैं। हाल ही में प्रदेश की बीजेपी सरकार ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को भंग कर एडहॉक कमेटी का गठन किया गया था। अब एडहॉक कमेटी ने आरसीए द्वारा जयपुर में बनाए जा रहे क्रिकेट स्टेडियम में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया है। सरकार से इस निर्माण और अनियमितताओं की जांच की सिफारिश की है। वहीं, पूर्व सचिव भवानी सामोता द्वारा बिना मीटिंग के 17 नए जिला संघों को दी गई मान्यता को रद्द करने का फैसला किया है। स्टेडियम की पिछले साल 5 फरवरी को इसकी नींव रखी थी। अब 25 फीसदी काम हो चुका है। फाउंडेशन के बाद पिलर का काम चल रहा है। कुछ महीने काम बंद रहने से देर हुई, पर अब निर्माण गति पकड़ने लगा तो विवाद शुरू हो गया। छत्तीसगढ़ की निर्माण कंपनी के इंजीनियर्स सहित 300 से ज्यादा मजदूर इसमें जुटे हैं।



**धनंजय सिंह शामिल नहीं हुए थे बैठक में:** एडहॉक कमेटी की बैठक संयोजक और विधायक जयदीप बिहाणी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें एडहॉक कमेटी के सदस्य पवन गोयल, रतन सिंह, धर्मवीर सिंह शेखावत और हरीश सिंह मौजूद रहे, जबकि चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह के बेटे और एडहॉक कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह खींवसर शामिल नहीं हुए। धनंजय सिंह को सबसे मजबूत आरसीए के चेयरमैन का दावेदार माना जा रहा है।

### अनियमितता व लापरवाही मिली

"एडहॉक कमेटी सदस्यों ने जयपुर के चौंप में बन रहे आरसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था। इस दौरान एडहॉक कमेटी को स्टेडियम के निर्माण की गुणवत्ता में गंभीर अनियमितता और लापरवाही मिली थी। ऐसे में अब एडहॉक कमेटी ने बैठक कर राज्य सरकार को चौंप में बन रहे आरसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की जांच के लिए सिफारिश की है।

**जयदीप बिहाणी,** एडहॉक कमेटी संयोजक आरसीए

## जरूरी खबर

### जम्मू-कश्मीर के राजोरी में आतंकी हमला, एक मरा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी में सोमवार रात आतंकियों ने एक शख्स को गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर दहशतगर्द मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान मोहम्मद रज्जाक के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतक समाज कल्याण विभाग में जूनियर असिस्टेंट के पद पर तैनात था और राजोरी में तैनात था। जानकारी मिलते ही मौके पर सुरक्षाबलों की टीम पहुंची और आतंकियों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है।

### राष्ट्रपति ने 132 शख्सियतों को प्रदान किए पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार की शाम आयोजित समारोह में 132 शख्सियतों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, समाज सुधारक बिंदेश्वर पाठक और अभिनेता चिरंजीवी सहित पांच प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रतिष्ठित पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, प्रतिष्ठित गायिका उषा उथुप और परोपकारी सीताराम जिंदल सहित सत्रह व्यक्तियों को समाज में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

■ पेज 8 भी देखें

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार ने पकड़ा जोर

# चुनावी प्रचार का अंतिम दौर BJP ने झोंकी ताकत

## कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने बनाई राजस्थान से दूरी

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण को लेकर सियासी सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई है। प्रदेश में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार अंतिम दौर में है।

दूसरे चरण का प्रचार 24 अप्रैल को खत्म हो जाएगा। इससे पहले भाजपा ने चुनावी प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव का शोर थमे, उससे पहले बीजेपी ने नेताओं-अभिनेता को मैदान में उतरा दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट के लिए उनियारा में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के प्रचार के लिए कोटा आएंगे। वे यहां पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे। वे बानोड़ा बेगूं में चित्तौड़गढ़ लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की तरफ से दूसरे चरण के प्रचार के लिए राहुल-प्रियंका गांधी में से कोई प्रदेश दौरे पर नहीं आ रहा है। दूसरे चरण मे कांग्रेस की रणनीति नेशनल बनाम लोकल की दिखाई दे रही है। इसके साथ ही कांग्रेस की प्रचार की कमान पूरी तरह स्थानीय नेताओं के हाथों में ही है, जबकि बीजेपी में जहां पूरा चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है। इसके साथ ही भाजपा अपने राष्ट्रीय नेताओं के दौरे लगभग हर लोकसभा सीट पर करा रही है, वहीं कांग्रेस के स्थानीय नेता प्रचार में जुटे हैं।



### उनियारा में आज जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को टोंक दौरे रहेंगे। पीएम मोदी टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के उनियारा में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मंगलवार सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर नई दिल्ली से जयपुर हवाई अड्डे पहुंचेंगे। इसके बाद उनियारा पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी उनियारा में करीब 40 मिनट सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद उनियारा से फिर जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। जयपुर हवाई अड्डे से प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे।



### BJP की जीत के लिए कंगना रनौत आज करेंगी रोड शो

चुनावी माहौल को और धार देने और बीजेपी प्रत्याशियों की जीत के लिए अब कंगना रनौत प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों का दौरा करेंगी। वैसे तो कंगना रनौत खुद हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट से उम्मीदवार हैं, लेकिन वह स्टार प्रचारकों की सूची में हैं। कंगना दो दिन पाली में पीपी चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, जैसलमेर में कैलाश चौधरी के समर्थन में प्रचार करेंगी। कंगना रनौत का जोधपुर, पाली, जैसलमेर और बाड़मेर लोकसभा सीट पर दो दिन तक प्रचार करने के उद्देश्य से रोड शो रखा गया है।

### टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट



#### सुखबीर सिंह जौनपुरिया Vs हरीश मीणा

दूसरे चरण की पांच लोकसभा सीट पर भाजपा को सीधी टक्कर मिल रही है। इसलिए पीएम मोदी के प्रदेश में लगातार दौरे हो रहे हैं। टोंक-सवाई माधोपुर में भाजपा ने दो बार के सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया का टिकट रिपीट किया है। वहीं, कांग्रेस ने देवली-उनियारा विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। इस सीट पर टोंक विधानसभा से सचिन पायलट विधायक हैं।



## यौन उत्पीड़न केस में SC का बड़ा फैसला

# 14 साल की लड़की को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप पीड़ित लड़की की 30 हफ्ते की प्रेगनेंसी को टर्मिनेट करने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में पूर्ण न्याय के लिए संविधान के अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल किया। इस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगर पालिका सर्वसाधारण रुग्णालय व वैद्यकीय महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया है कि वह नाबालिग के गर्भपात कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करें।



सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस फैसले को भी रद्द कर दिया जिसमें हाई कोर्ट ने नाबालिग लड़की की अर्जी खारिज कर दी थी। नाबालिग की प्रेगनेंसी टर्मिनेशन के लिए उनकी मां की ओर से अर्जी दाखिल की गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद लड़की की मां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को 14 साल की उस लड़की के मेडिकल एग्जामिनेशन का आदेश पारित किया था जिसकी प्रेगनेंसी 28 हफ्ते बताई गई थी। लड़की सेक्सुअल असॉल्ट की शिकार है और उसकी मां की ओर से दाखिल याचिका में प्रेगनेंसी टर्मिनेशन की इजाजत मांगी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले की शुक्रवार को अर्जेंट सुनवाई की थी और फिर मामले की अगली सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख तय की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र के सियान अस्पताल को निर्देश दिया था कि वह 20 अप्रैल को लड़की का मेडिकल एग्जामिनेशन करे और कोर्ट को अवगत कराए कि लड़की का अगर गर्भपात कराया जाता है तो शारीरिक और मानसिक तौर पर उस पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

# यशस्वी के शतक से RR ने MI को दी करारी शिकस्त



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

सवाई मानसिंह स्टेडियम में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स वर्सेस मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में यशस्वी जायसवाल के शतक के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। मैच में युजवेंद्र चहल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपना 200वां विकेट हासिल किया। स्टार स्पिनर ने मोहम्मद नबी को अपने पहले ही ओवर में आउट किया। मुंबई की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, हालांकि उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले रोहित शर्मा, फिर ईशान किशन और उसके बाद सूर्यकुमार यादव एक-एक कर पवेलियन लौट गए। बीस ओवरों के बाद मुंबई इंडियंस ने नौ विकेट पर 179 रन बनाए। मुंबई इंडियंस की ओर से तिलक वर्मा ने 65 जबकि निहाल वढेरा ने 49 रन बनाए। वहीं, रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए।

## लोकसभा चुनाव 2024

# पहली बार BJP की निर्विरोध जीत, सूरत में मुकेश दलाल ने रचा इतिहास

- मुकेश निर्विरोध जीतने वाले भाजपा के पहले सांसद
- गुजरात में अब 25 सीटों के लिए 7 मई को डाले जाएंगे वोट
- 2012 में कन्नौज सीट से निर्विरोध जीती थीं डिंपल यादव

**एजेंसी | अहमदाबाद**

गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास रच दिया है। पार्टी के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित होने वाले भाजपा के पहले सांसद बने हैं।

सूरत के दंगल में अंतिम मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्यारेलाल भारती मैदान में बचे थे। नाम वापसी की समय-सीमा खत्म होने से ठीक एक घंटा पहले जैसे ही उन्होंने नाम वापस लिया, वैसे ही मुकेश दलाल बीजेपी के लोकसभा चुनावों में निर्विरोध जीतने वाले पहले सांसद बन गए। अभी तक दर्शना जरदोश सूरत से भाजपा की सांसद थीं और वह मौजूदा सरकार में रेल राज्य मंत्री हैं। इस बार भाजपा ने मुकेश दलाल को प्रत्याशी बनाया था। जीत हासिल करने के बाद मुकेश दलाल ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल से आशीर्वाद लिया। पाटिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी है।



### बीजेपी को गढ़ में मिली जीत

यह भी संयोग ही है कि वर्तमान में भाजपा को उसके अभेद्य गढ़ में निर्विरोध जीत मिली है। गुजरात में बीजेपी सबसे ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों से पार्टी सभी 26 की 26 सीटें जीतती आ रही है। 2024 के चुनावों पार्टी ने चुनावों से पहले ही जीत हासिल करके मनोवैज्ञानिक लाभ ले लिया है। गुजरात में बीजेपी उम्मीदवार की निर्विरोध जीत ऐसे वक्त पर हुई है, जब राज्य में पार्टी को क्षत्रिय समाज के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत ने कांग्रेस और आप के इंडिया अलायंस को बड़ा झटका दिया है। आप ने गुजरात में सूरत के रास्ते ही कदम रखा था। इस पूरे ऑपरेशन में पाटीदार नेता हार्दिक पटेल का नाम सामने आ रहा है।

### कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द

कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभानी का फॉर्म रद्द कर दिया गया था, जबकि अन्य उम्मीदवारों ने अपना फॉर्म वापस ले लिया था। कांग्रेस नेता नैशाद देसाई ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। इसके पहले गुजरात कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने आरोप लगाया कि सूरत लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन फॉर्म बीजेपी के इशारे पर खारिज कर दिया गया था।

### आखिरी बार जीती थीं डिंपल यादव

देश में अब तक 28 सांसद लोकसभा में निर्विरोध जीते हैं। जम्मू-कश्मीर से सबसे ज्यादा 4 सांसद निर्विरोध जीते हैं। सिक्किम और श्रीनगर सीटें अक्सर निर्विरोध होती रही हैं। उत्तर प्रदेश, असम और तमिलनाडु में 2-2 सांसद निर्विरोध हुए हैं। यूपी में कांग्रेस के रामदयाल और सपा की डिंपल यादव निर्विरोध चुनी गई थीं। दलीय स्थिति में आजादी के बाद से 20 बार निर्विरोध कांग्रेस के कैंडिडेट जीते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 सदस्य, समाजवादी पार्टी के 2 सदस्य और केवल एक निर्दलीय उम्मीदवार निर्विरोध सांसद बना है। आखिरी बार कन्नौज से 2012 में कन्नोज से सपा की डिंपल यादव निर्विरोध चुनी गईं थीं, जो बड़ी हस्तियां निर्विरोध जीती हैं उनमें फारूक अब्दुल्ला, सी. जमीर, वाई.बी. चव्हाण, ओडिशा के पहले सीएम हरेकृष्ण महताब, पी एम सईद और मानवेन्द्र शाह के नाम हैं।

## जरूरी खबर

### दूसरे चरण में 2.5 लाख कार्मिकों ने किया मतदान




**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों की ओर से सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 2,05,443 मत डाले गए। प्रदेश में अब तक 82,380 पुलिसकर्मी, 12141 आरएसी, 945 जीआरपी, 1,022 प्राइवेट (ड्राइवर्स) और 1,08,955 अन्य मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अभी द्वितीय चरण के तहत कार्मिकों के मतदान के लिए बनाए गए फेसिलिटेशन सेंटर पर 25 अप्रैल तक मतदान किया जा सकेगा।

### बालाजी को लगेगा मावे के 5100 मोदक का भोग

**बेधड़क.जयपुर।** हनुमान जयंती के पर्व पर मंगलवार को त्रिपोलिया बाजार के हनुमानजी का रास्ता स्थित हनुमान मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। मंदिर महंत युगल किशोर शर्मा ने बताया कि इस मौके पर सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत एवं तीर्थजल से अभिषेक कर हनुमानजी को सिंदूर का चौला चढ़ाया जाएगा। इसके बाद नवीन पोशाक धारण करा ऋतुपुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर में जन्म समय पर महाआरती होगी। इस दौरान हनुमानजी को मावे के 5100 मोदक का भोग अर्पित किया जाएगा। शाम को भजनों रामभक्त की महिमा का गुणगान होगा।

### दूसरे चरण के लिए 37,723 ने की होम वोटिंग



**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73,248 वोटर्स द्वारा मतदान किया जा चुका है। इनमें 56,284 बुजुर्ग तथा 16,964 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों के लिए होम वोटिंग की गई। अनुपस्थित रहने की स्थिति में 22 एवं 23 अप्रैल को मतदान का अवसर दुबारा दिया गया है।

**लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने सभी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ की चर्चा**

# दूसरे चरण के लिए कसी कमर, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर निर्वाचन विभाग ने कमर कस ली है। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दूसरे चरण के चुनाव के लिए सभी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम से जुडें समस्त प्रोटोकॉल का विशेष तौर पर रिप्लेसमेंट की स्थिति में एसओपी का ध्यान रखने पर बल दिया। राजनैतिक दलों को ईवीएम कमिशनिंग की सूचना देने एवं जिज्ञासाओं का तर्कपूर्ण जवाब दिए जाने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार समय-समय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियों के साथ बैठक करने का भी सुझाव दिया।



### व्यवस्थाओं को लेकर दिए सुझाव

उप निर्वाचन आयुक्त साहू ने विधानसभा चुनाव-2023 के समय राजस्थान द्वारा मतदान दिवस एवं इससे पूर्व के 72 घंटों के समय की गई संपूर्ण व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि इस बार भी इस एसओपी का विशेष ध्यान रखा जाना है एवं मतदान दिवस को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए पहले से ही तंत्र विकसित किया जाना है। लोकसभा चुनावों के समय गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दल के सदस्यों के साथ-साथ मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल एवं लू से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों से उनके जिले में लॉजिस्टिक अरेंजमेंट, बैलेट पेपर प्रिंटिंग, ईटीबीपीएस की स्थिति, होम वोटिंग, प्रशिक्षण, मतदान दल रवानगी व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल, शिकायत, जब्ती की स्थिति एवं एमसीएमसी की कार्य प्रक्रिया की जानकारी ली।

### स्वीप गतिविधियों की दी जानकारी

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने आयोग के उच्चाधिकारियों को प्रदेश में उत्साहपूर्वक चल रही होम वोटिंग, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय के बारे में जानकारी प्रदान की साथ ही बताया कि इस बार मतदाता सूचना पर्ची को विशेष कैंप्स का आयोजन कर बीएलओ के माध्यम से वितरित करवाया गया है। पोस्टल बैलेट की आवश्यकता, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और स्वीप गतिविधियों की भी समीक्षा की। बैठक में राज्य के स्टेट पुलिस नोडल अधिकारीगण एवं निर्वाचन विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

**राजस्थान व महाराष्ट्र के राज्यपाल भी राम कथा श्रवण करने पहुंचे**

# बालाजी धाम में कुमार विश्वास की रामकथा में उमड़े भक्त

**बेधड़क | जयपुर**

आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में सोमवार को दो दिवसीय 'अपने-अपने राम' की संगीतमय कथा सिद्धपीठ बालाजी धाम के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में की शुरू हुई। कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास की ओर से की जा रही राम कथा को सुनने हजारों श्रोता पहुंचे और कथा का रसपान किया।

डॉ. विश्वास ने कथा मे भगवान राम के जीवन से जुड़े हुए विभिन्न प्रसंगो पर रोचक चर्चा की। इस दौरान रामनाम के जयकारों से पूरा पांडाल भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा। इससे पहले आयोजन में शामिल होने के लिए राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस दोपहर करीब एक बजे मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे।

बालाजी मंदिर में दोनों महामहिमों का बालाजी मंदिर सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने स्वागत किया। साथ ही विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ दोनों राज्यपालों को मंदिर में प्रवेश कराया। इसके बाद राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने स्वयंभू बालाजी महाराज के दर्शन कर देश में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने बालाजी महाराज को पंचमेवे का भोग लगाया। वहीं महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने दोनों महामहिमों को पुष्प माला पहनाई। वहीं राज्यपाल कलराज मिश्र, सिद्धपीठ बालाजी धाम के महंत नरेशपुरी महाराज, जैन धर्म के आचार्य लोकेंद्र मुनी व अन्य कई संतो ने भगवान राम और बालाजी महाराज की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कथा आयोजन का शुभारंभ किया।



### हनुमानजी का जीवन प्रेरणादायी: मिश्र

राम कथा के शुभारंभ पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि हनुमानजी जीवंत देवता हैं। उन्हें अमरत्व का वरदान मिला हुआ है। अष्ट सिद्धियां और नव निधियां प्राप्त हनुमानजी शक्ति एवं साहस के प्रतीक हैं। उनकी आराधना से व्यक्ति अपने भीतर स्वयमेव ऊर्जा का अनुभव करता है। मिश्र ने कहा कि हनुमानजी सारे जगत में अपने स्वामी प्रभु श्रीराम का ही संदेश सुनाते हैं। सुंदरकांड में उन्होंने हर स्थान पर अपना परिचय अपने नाम के स्थान पर राम दूत के रूप में ही दिया है।

### रामनाम का जप औषधि के समान

कथा में डॉ. कुमार विश्वास ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि राम नाम का जप एक ऐसी औषधि के समान है, जिसे अगर सच्चे हृदय से जपा जाए तो सभी संकट दूर हो जाते हैं और मन को परम शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि यह तो सभी जानते हैं रामसेतु के निर्माण के समय हर पत्थर पर राम नाम लिखा जा रहा था और हर कोई राम नाम का जयघोष कर रहा था। इसके चलते राम का काम बहुत ही आसान हो गया। रामकथा के दौरान भजनों से माहौल रामभक्ति से सराबोर नजर आया।

### 'सच बेधड़क' के चेयरमैन विनायक शर्मा का किया स्वागत



बालाजी धाम में आयोजित 'अपने-अपने राम' कथा में 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के चेयरमैन विनायक शर्मा भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बालाजी महाराज को धोक लगाई। वहीं मेहंदीपुर बालाजी धाम के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने विनायक शर्मा को बालाजी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**भाजपा प्रदेश प्रभारी ने साधा निशाना**

# कांग्रेस दिशाहीन, हार के डर से नेताओं ने साधी चुप्पी: सिंह




**बेधड़क | उदयपुर**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव-प्रचार अब जोर पकड़ने लगा है। सोमवार को प्रदेश भाजपा प्रभारी अरुण सिंह चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट के भिंडर में बीजेपी प्रत्याशी सीपी जोशी के लिए प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान अरुण सिंह ने कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमले किए। अरुण सिंह ने कहा कि पूरे देश और राजस्थान में पीएम मोदी की लहर चल रही है।

राजस्थान की 25 के साथ देश में भाजपा 370 सीट जीत रही है। इसके साथ ही एनडीए 400 से ज्यादा सीट जीतेगा। उन्होंने कहा कि देश में गरीब किसान युवा बेरोजगारों को सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी योजनाओं के माध्यम से विकास का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और देश में कांग्रेस दिशाहीन है। इसलिए कांग्रेस के नेता अब हार से डर से कुछ नहीं बोल रहे हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार खुद चुनाव ही नहीं लड़ना चाहते, वह मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। अरुण सिंह ने मतदान कम होने के पीछे कारण बताते हुए कहा कि हमने देखा कि पहले चरण में कांग्रेस के उम्मीदवारों के यहां टेबल पर बैठने वाले लोग भी नहीं थे। इसलिए मतदान की संख्या में गिरावट नजर आई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं है। वह घरों से निकल नहीं रहे, जबकि भाजपा के समर्थन में ज्यादा वोट पड़ रहे हैं। इसके पीछे कारण है कि कांग्रेस के नेता और नेतृत्व का जनता को पता ही नहीं है। प्रदेश भाजपा प्रभारी सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का मान-सम्मान और गौरव बढ़ रहा है। चाहे वह कॉरिडोर की बात हो, जिसमें महाकाल कॉरिडोर और अन्य मंदिरों का निर्माण हुआ है। लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम भव्य मंदिर बन चुका है।

**पुलिसकर्मियों ने भात की रस्म में दिए 1.50 लाख रुपए**

## गरीब की बेटी का पुलिस ने भरा मायरा

**बेधड़क | जयपुर**

आमतौर पर पुलिस की दबंगई वाली शैली से हटकर समाज के प्रति पुलिस की जिम्मेदारी का उजला चेहरा चूरू में सामने आया है। यहां जिला पुलिस ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए थाने में और पुलिस लाइन में साफ, सफाई करने वाली सफाई कर्मचारी माया की बेटी सरला के विवाह में मायरा भरा है।

चूरू एसपी जय यादव और उनकी टीम ने माया की बेटी की शादी में पहुंचकर उससे तिलक करवा कर, चुनरी ओढ़ाई और मायरा भरा। दरअसल, सफाई कर्मचारी माया ने माया की पगार महज 1160 रुपए है। ऐसे मे चूरू पुलिस के जवानों ने मिलकर एक लाख 51 हजार का संग्रहण कर मायरा भरा। पुलिसकर्मियों ने जरूरत के सामान के साथ ही सोने, चांदी के आभूषण भी भेंट किए। माया करीब 20 वर्षों से पुलिस लाइन में कार्यरत है। एसपी के नेतृत्व में जब पुलिस कर्मियों की ओर से मायरा भरा गया तो माया की आंखें छलक पड़ीं। इस दौरान माया ने एएसपी लोकेश दादरवाल और सभी पुलिस कर्मियों को तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया गया। एसपी जय यादव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यही है कि लोग हमसे ज्यादा से ज्यादा जुड़कर हमे अपने परिवार का हिस्सा मानें।



**दल के सदस्य जानेंगे भाजपा के प्रचार-प्रसार का अंदाज**

## चुनावी समर देखने पहुंचे कई देशों के राजनयिक

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा के चुनाव लड़ने के तौर तरीकों को जानने के लिए 7 देशों के राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल देश के अलग-अलग राज्यों के दौरे पर है। इस कड़ी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अभियान का अनुभव लेने और प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए ये दल तीन दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचा। भाजपा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेचा ने बताया कि बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूसी संघ और सूरीनाम के राजनयिक प्रतिनिधियों का परंपरागत रूप से स्वागत किया। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल लूणी क्षेत्र के लूणावास में चल रहे चुनाव प्रचार को देखने पहुंचे। यहां पर सतीश पूनिया की सभा चल रही थी। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने गजेंद्र सिंह शेखावत, सतीश पूनिया से मुलाकात की। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलकर उनसे चुनाव प्रबंधन जाना। प्रतिनिधिमंडल के लोग अगले 3 दिन तक जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के कई इलाकों में जाएंगे और वहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर किए जाने वाले कामों पर बात करेंगे। किस तरह वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए गए राष्ट्रीय हित के कामों को जनता तक पहुंचाते हैं, यह जानने का प्रयास करेंगे।



**भाजपा प्रत्याशी बिरला के समर्थन में किया रोड शो**

# गाड़ी का रेडिएटर फटा, सीएम पैदल पहुंचे सभा स्थल

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के तहत सोमवार को कोटा-बूंदी सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में रोड शो और जनसभा करने के लिए सीएम भजनलाल शर्मा बूंदी पहुंचे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा जिस गाड़ी में सवार थे, उसका रेडिएटर फट गया। सीएम के साथ इस गाड़ी में डिप्टी सीएम दिया कुमारी और प्रत्याशी ओम बिरला भी मौजूद थे। रेडिएटर फटने के साथ ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। वहीं, सुरक्षाकर्मियों ने तीनों नेताओं को गाड़ी से उतारा। इसके बाद सभा स्थल पास में होने के कारण नेता पैदल ही सभा स्थल तक पहुंचे। वहीं, इस घटना पर स्पेशल शाखा के हेड कांस्टेबल भारत सिंह ने बताया कि जिस जीप का रेडिएटर फटा वो प्राइवेट जीप थी, सुरक्षाकर्मियों ने तीनों नेताओं को सुरक्षित नीचे उतार लिया। बताया जा रहा है कि गाड़ी के रेडिएटर में पानी की कमी ज्यादा गर्म होने के कारण रेडिएटर फट गया।



### तेज आवाज से अफरा-तफरी

रोड शो के दौरान सीएम भजन लाल, डिप्टी सीएम दिया कुमारी और प्रत्याशी वाहन में सवार होकर रोड शो में आए लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान तेज धमाके के साथ वाहन का रेडिएटर फटा और धमाके से लोग सहम गए। एक बारगी तो मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया, लेकिन सुरक्षा में तैनात जवानों की तत्परता से किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई। जब लोगों को वाहन का रेडिएटर फटने का पता चला तो लोगों ने राहत महसूस की। इसके बाद तीनों नेताओं को सुरक्षाकर्मी सभा स्थल तक लेकर गए।

### जरूर पूरा होगा 400 पार का नारा

रोड शो के बाद सीएम भजनलाल ने जनसभा भी संबोधित किया। इस दौरान सीएम शर्मा ने कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा जरूर पूरा होगा। केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से देश के साथ-साथ राजस्थान का भी विकास होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से जो वादे किए थे, उन्होंने पूरे किए हैं। राम मंदिर बनवाया, कश्मीर में धारा 370 हटाई। साथ ही किसानों के लिए विकास की योजना बनाई। महिलाओं के लिए भी केंद्र सरकार ने योजनाएं बनाई, जिससे ग्रामीण सहित शहर की महिलाएं भी लाभान्वित हुई हैं। सीएम ने भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और ओम बिरला ने भी संबोधित किया।

## झंडे लगाने को लेकर भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता

**बेधड़क | सिरोही**

जिले के आबूरोड में शहर में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के रोड शो से कुछ समय पहले झंडे लगाने को लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया। इसके बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों की समझाइस और एक-दूसरे के झंडे नहीं उतारने की सहमति बनने के बाद मामला शांत हुआ। गौरतलब है कि आबूरोड में सोमवार शाम 4.30 बजे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने पुत्र वैभव गहलोत के समर्थन में रोडवेज बस स्टैंड से रोड शो की शुरुआत करने वाले थे। इसको लेकर रविवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदर बाजार में पहले से लगे भाजपा के झंडों को हटाकर कांग्रेस के झंडे लगा दिए। आबूरोड नगर पालिका अध्यक्ष मगनदान चारण और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष परसाई को जैसे ही इसका पता चला तो वे मौके पर पहुंचे और दोबारा पार्टी के झंडे लगाने लगे। इसी दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अश्विन गर्ग और कुछ अन्य कांग्रेसी वहां आ गए तथा इसका विरोध किया। भाजपाइयों का कहना था कि आप बेशक झंडे लगाएं, लेकिन जहां भाजपा के झंडे लगे हैं उन्हें उतरना गलत है। बाद में अपने-अपने झंडे लगाने और दूसरे के नहीं हटाने पर सहमति बनी। इसके बाद ही मामला शांत हुआ।

## जरूरी खबर

### दीक्षित क्षुल्लिका अमृत श्री माताजी की हुई समाधि



**जयपुर।** जनकपूरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में विराजित गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी के पावन सानिध्य में सोमवार को उनके द्वारा नव दीक्षित क्षुल्लिका अमृत श्री माताजी की संलेखना पूर्वक समाधि हो गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि ज्योति नगर जयपुर निवासी किरण देवी बगड़ा की पिछले कुछ दिनों से तबीयत ठीक नहीं थी। उनके संलेखना पूर्वक समाधि के भाव होने पर उनके धार्मिक भावना के पुत्र सुनील एवं अनिल ने विज्ञा श्री माताजी को अपनी माताजी की भावना बताई। इस पर जनकपुरी समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा कर सहमति प्रदान की गई। आर्यिका श्री द्वारा किरण देवी को दिन में क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान की। आयु कर्म पूर्ण होते ही शाम पांच बजे नव दीक्षित की समाधि हो गई।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर संस्कार भारती ने सजाई रंगोली



**जयपुर।** संस्कार भारती जयपुर महानगर की ओर से 22 अप्रैल को प्रातः 6 से 8 बजे तक नेहरू बालोद्यान में भू -अलंकरण दिवस मनाया गया। इस दौरान जयश्री हरसोलेकर के नेतृत्व में नीलू कनवारिया, बिंदू सलुजा, मूर्तिकार निर्मला कुलहरी आदि ने मनमोहक रंगोली सजाई। कार्यक्रम में रविन्द्र भारती, रविन्द्र मोहन माथुर, आत्माराम सिंघल, बनवारी लाल चेजारा, प्रदीप सिंह राजावत,संदीप लेले, मूर्तिकार महावीर भारती , डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, जयश्री हरसोलेकर, गोपाल भारती, ललित सिंह तालेड़ा, शिवप्रकाश वर्मा, अशोक कुलश्रेष्ठ, बिंदू सलुजा, नीलू कनवारिया, मूर्तिकार निर्मला कुलहरी आदि उपस्थित रहे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**हनुमान जयंती महोत्सव:** खोले के हनुमान मंदिर में भजन संध्या, हनुमान जयंती पर आज होंगे कई कार्यक्रम

# राम की स्तुति पर कथक नृत्य और भजनों पर भक्त भाव विभोर

**बेधड़क** | जयपुर

भजन, नृत्य और वीणा के त्रिसंगम में लक्ष्मण डूंगरी का खोल भक्तिमय हो गया। श्री खोले के हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव के तीसरे दिन भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। मंगलवार को हनुमान जयंती मनाई जाएगी।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि हनुमंत जन्मोत्सव के तहत सोमवार को भजन गायक सम्पत दाधीच ने मेरी सुध ली जे प्रभु... झालर, शंख, नगाड़ा बाजे... और भजन लय में राम कहानी की प्रस्तुति से स्त्रोतागणों को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद बनारस घराने के सौरव गौरव मिश्रा ने राम की स्तुति पर कथक नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी, भजन संध्या के अंत में पं. सलिल भट्ट ने अपनी वीणा से अद्भुत स्वर प्रसारित कर हनुमान जी को रिझाने लगे। भक्तजन देर रात तक भजन, कथक व वीणा का आनंद लेते रहे।





### 108 औषधियुक्त द्रव्यों से अभिषेक आज

समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया किया मंगलवार को हनुमंत जयंती पर प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस दिन सुबह 7 बजे हनुमानजी महाराज का 108 औषधियुक्त द्रव्यों व विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक करवाया जाएगा। प्रात: 9 बजे षोड़शोपचार पूजन, श्रृंगार होगा। प्रात: 10 बजे हनुमानजी महाराज को राजभोग लगाया जाएगा।

### दोपहर को होगा विशेष उत्सव

मध्याह्न 12 बजे विशेष उत्सव आरती व मध्याह्न 2 बजे से 5 बजे तक हवन का आयोजन होगा। सायंकाल 6 बजे गणेश मण्डल की ओर से भजन गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 24 अप्रेल को सांयकाल 7 से 10 बजे तक युवा कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुति के साथ पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा।

**मानव अंग प्रत्यारोपण फर्जी NOC मामले में जांच समिति एक्शन मोड में**

# डॉ. भंडारी और मेहता को नोटिस SMS अधीक्षक से मांगा जवाब

**बेधड़क** | जयपुर

मानव अंग एवं ऊत्तक प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी होने के मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग एक्शन मोड में है। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह प्रकरण में निरंतर गहन मॉनिटरिंग कर रही है। उनके निर्देशों के बाद चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने जांच प्रक्रिया को तेज कर दी है। सोमवार को समिति ने इस प्रकरण में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुधीर भण्डारी, स्टेट ऑर्गन एण्ड टिश्यु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त निदेशक रहे डॉ. अमरजीत मेहता एवं सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा को नोटिस जारी कर प्रत्यारोपण से जुड़ी सूचनाएं मांगी हैं एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा है।




### अनापत्ति प्रमाण पत्रों के बारे में बताएं

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान की ओर से डॉ. सुधीर भण्डारी को जारी नोटिस में उनके एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य पद के कार्यकाल के दौरान आयोजित राज्य स्तरीय प्राधिकार समिति की बैठकों, उनमें लिए गए निर्णयों, जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण पत्रों से संबंधी जानकारी अविलंब उपलब्ध कराने को कहा गया है। नोटिस में डॉ. भण्डारी से पूछा गया है कि सोटो के गठन के लिए एनओटीपी गाइडलाइन के अनुसार चैयरमैन का पद स्वीकृत नहीं है, लेकिन उनके द्वारा प्रधानाचार्य पद से हटने के बाद भी सोटो चैयरमेन के रूप में पत्राचार किया गया है। सोटो राजस्थान में उनकी भूमिका, कार्य प्रणाली, सोटो वेबसाइट के संधारण एवं मॉनिटरिंग के संबंध में पूरी जानकारी मांगी गई है।

### सोटो के कार्य क्षेत्र की जानकारी मांगी

इसी प्रकार सोटो राजस्थान के सुगम कार्य संचालन, प्लानिंग एवं नेशनल ऑर्गन टिश्यु ट्रांसप्लांट प्रोग्राम गाइडलाइन के अनुसार गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु गठित की गई स्टीयरिंग कमेटी, उनमें नामित होने वाले सदस्यों आदि के बारे में भी उनसे जानकारी मांगी गई है। सोटो के कार्य क्षेत्र एवं गाइडलाइन की पालना के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा गया है। राज्य में किए जा रहे मानव अंग प्रत्यारोपण के डोनेशन एवं ट्रांसप्लांट (जीवित एवं मृत्तक) की सूचना सोटो के माध्यम से नेशनल रजिस्ट्री पर साझा किया जाना अपेक्षित है। डॉ. भण्डारी से इस संबंध में सोटो के माध्यम से हुए सभी प्रकार के मानव अंग प्रत्यारोपण की सूचना मय दस्तावेज उपलब्ध करवाने को कहा गया है।

### राज्य प्राधिकार समिति से अनुमति ली या नहीं

साथ ही, अधीक्षक से पूछा गया है कि मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत निकट रिश्तेदारों से भिन्न व्यक्तियों के बीच प्रत्यारोपण का राज्य स्तरीय प्राधिकार समिति द्वारा अनुमोदन आवश्यक है। इन प्रत्यारोपण के लिए राज्य प्राधिकार समिति से अनुमति प्राप्त की गई अथवा नहीं। अगर अनुमति नहीं ली गई तो समिति के क्षेत्राधिकार के बाहर प्रत्यारोपण किस आधार पर हुए। चिकित्सा अधीक्षक को इन सभी बिंदुओं का जवाब तीन दिन में प्रस्तुत करना होगा।

**मानव अंग प्रत्यारोपण की सूचना मय दस्तावेज मांगी**

डॉ. अमरजीत मेहता को जारी नोटिस में उनसे सोटो की कार्य प्रणाली, सोटो वेबसाइट के संधारण एवं मॉनिटरिंग की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। साथ ही, सोटो के माध्यम से हुए सभी प्रकार के मानव अंग प्रत्यारोपण की सूचना मय दस्तावेज मांगी गई है। इसके अतिरिक्त 7 मई, 2022 से आदिनांक तक स्टीयरिंग कमेटी द्वारा किए गए कार्यों का विवरण भी उनसे मांगा गया है। इसी प्रकार चिकित्सा अधीक्षक को जारी नोटिस में कहा गया है कि एसएमएस अस्पताल में नजदीकी रिश्तेदारों तथा पति-पत्नी के बीच होने वाले अंग प्रत्यारोपण की अनुमति के लिए चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में कॉम्पीटेंट अथॉरिटी का गठन किया गया था। समिति ने विगत एक वर्ष में इस समिति की बैठक कब-कब आयोजित की। इन बैठकों के बाद मार्च, 2024 तक जारी एनओसी का विवरण भी उपलब्ध करवाने को कहा गया है।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई**

# नकली का शक होने पर दो ब्रांड का 20 टिन घी सीज



**बेधड़क** | जयपुर

मिलावटियों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई लगातार जारी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया के निर्देशन में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने सूचना के आधार पर किशनगढ़ रेनवाल में खाद्य व्यवसाय फर्म रिद्धि सिद्धि किराना स्टोर, बासड़ी रोड़ पर निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण पर कार्रवाई की। यहां कृष्णा ब्रांड एवं लोटस ब्रांड घी के 15 किलोग्राम के 5 और 15 टिन प्रथम दृष्टया नकली पाए जाने पर दोनों प्रकार के घी का नमूना लेने के पश्चात घी को रिपोर्ट आने तक के लिए सीज किया गया।

खाद्य पदार्थ जांच लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत तथा सहायक कर्मचारी लल्लू प्रसाद शर्मा तथा दोनों ब्रांड के घी के प्रतिनिधि अधिकारी शामिल रहे।

**जयपुर में आखिरी मैच का क्रिकेट लवर्स में दिखा ज्यादा क्रेज**

# फ्री पास के लिए मंत्री के घर पर लगी भीड़, बुलानी पड़ी पुलिस

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का जयपुर में आखिरी मैच के फ्री पास के लिए खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के घर समर्थकों की भीड़ लग गई। इस दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।



गौरतलब है कि आईपीएल के 17वें सीजन में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक मुकाबला मुंबई में खेला जा चुका है। इसमें रॉयल्स ने जीत थी। वहीं, इस लीग में अब तक दोनों ही टीमें सात-सात मैच खेल चुकी है। इसमें रॉयल्स की टीम 6 मैच जीतकर पॉइंट टेबल में नंबर वन पर है। वहीं, मुंबई इंडियंस की टीम सात में से महज तीन मैच जीतकर सातवें नंबर पर है।

**हाई कोर्ट :** आबकारी विभाग ने बिना मर्जी 3 माह के लिए कर दिया था लाइसेंस रिन्यू

# वाइन शॉप मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**बेधड़क** | जयपुर

आचार संहिता का हवाला देकर शराब की दुकानों का लाइसेंस तीन महीने के लिए रिन्यू करने के मामले में हाई कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया हैं। आबकारी विभाग के लाइसेंस रिन्यू करने के 13 मार्च के आदेश को शराब के लाइसेंसी दुकानदारों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। वहीं अब कोर्ट ने मामलें में फाइनल सुनवाई पूरी कर ली हैं। आबकारी विभाग के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर में सैकड़ों याचिकाएं दायर हुई थी। आदेश में आबकारी विभाग ने कहा था कि जिन शराब की दुकानों की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बोली नहीं लगी हैं। उन सभी दुकानों का लाइसेंस अगले 3 माह के लिए रिन्यू किया जाता है। इस मामलें में सरकार ने हाई कोर्ट में जवाब पेश करते हुए कहा था कि प्रदेश में शराब की करीब 7 हजार 667 दुकानें है। इसमें से 41 प्रतिशत दुकानों की अगले वित्त वर्ष के लिए नीलामी नहीं हो सकी है। फिलहाल प्रदेश में आचार संहिता लागू है, ऐसे में फिर से दुकानों की नीलामी नहीं की जा सकती है। इसको देखते हुए सरकार ने पुराने लाइसेंसी दुकानदारों का लाइसेंस तीन महीने के लिए रिन्यू किया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर नए वित्त वर्ष में करीब 41 प्रतिशत दुकानें बंद हो जाएगी। हाई कोर्ट में याचिकाकर्ताओं का कहना था कि लाइसेंसी की मर्जी के बिना विभाग इस तरह से उन पर आदेश नहीं थोप सकता है।



**ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने प्रेसवार्ता कर घरेलू उपभोक्ताओं को किया जागरूक**

# कॉमर्शियल की जगह 60%घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग: रंगारी

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह पर 60%घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। होटल व रेस्टोरेंट जैसे अन्य स्थानों में कराए गए सर्वे रिपोर्ट को रसद विभाग के अधिकारियों को भेजी गई, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई यह कहना है शुभम रंगारी का।

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन की ओर से पिंकसिटी प्रेस क्लब में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक किया।




**सरकार को 13% जीएसटी का नुकसान**

फाउंडेशन के कार्यकारी संचालक शुभम रंगारी ने बताया कि घरेलू सिलेंडर में से कमर्शियल गैस सिलेंडर में बांसुरी के माध्यम से गैस रिफिल की जाती है। इसमें ब्लास्ट होने का खतरा बहुत अधिक होता है। इसमें जनहानि के साथ-साथ सरकारी कर की भी हानि होती है। घरेलू एलपीजी पर 5% जीएसटी लगती है, वहीं कमर्शियल पर 18% जीएसटी लगती है। अवैध रूप से रिफिल करके सरकार को 13% जीएसटी की हानि हो रही है। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के अधिकारों की जागृति के लिए फाउंडेशन कार्यक्रम हमेशा कार्यरत है।

### 80% नागरिक 3 या 4 सिलेंडर ही लेते हैं काम में

सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक परिवार में करीब 5 से 6 गैस सिलेंडर का इस्तेमाल प्रति वर्ष होता है। जब इस डेटा की सत्यता जांचने के लिए जांच की गई और उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया गया, तो उस सर्वेक्षण में औसतन 80 प्रतिशत नागरिकों ने कहा कि वे 3 से 4 गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। 15 प्रतिशत नागरिक मात्र 6 से 8 गैस सिलेंडर का उपयोग करते है । गैस के दाम बढ़ने से 5 फीसदी लोग 2 से 3 सिलेंडर ही इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उस ग्राहक के बाकी गैस सिलेंडर वितरक ऑटो बुकिंग कर कालाबाजारी कर रहे हैं और इस अवैध बिक्री से मोटी रकम कमा रहे हैं।

### केंद्र ने कुछ कदम उठाए लेकिन गति काफी धीमी

विभागीय प्रमुख संघ के चित्रांशी सिह ने बताया कि देश में एलपीजी सिलेंडर की उचित बिक्री के उद्देश से केंद्र सरकार ने हाल ही में कुछ कदम उठाए है, लेकिन इसकी गति काफी धीमी है। सिलेंडर प्रबंधन के मामले में, क्यूआर कोड-आधारित 'ट्रैक एड ट्रेस' को समाधानों में से एक के रूप में पहचाना जाता है। क्यूआर कोड-आधारित प्रणाली की अवधारणा का प्रमाण प्राप्त करने के लिए, ओएमसीएस ने विभिन्न प्रमुख तकनीकी संस्थानों, परीक्षण संस्थानों और क्यूआर के साथ परामर्श किया है। इस प्रेस वार्ता में शुभम रंगारी कार्यकारी संचालक राज्य प्रमुख यश देशपांडे, अक्षय कुमार मिश्रा, विनय पांडे और विभाग प्रमुख चित्रांश सिह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जरूरी खबर

### पंजाब ने छोड़ा पानी, श्रीगंगानगर में नहरबंदी खत्म



**श्रीगंगानगर।** गंगनहर में की जा रही बंदी समाप्त हो गई है और पंजाब की तरफ से नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। इस पानी की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। नहर में आ रहे पानी से पहले पॉन्ड भरे जाएंगे और फिर पेयजल के लिए भंडारण किया जाएगा। नहरबंदी के दौरान गंगनहर की साफ सफाई का कार्य किया गया। जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला ने बताया कि इस दौरान पंजाब सीमा में सभी पुल साफ करवाए गए और उसके बाद पानी की निकासी की गई।

### फूड पॉइजनिंग से दो बच्चों की मौत मां भी भर्ती

**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र के लाछुड़ा गांव में फूड प्वाइजनिंग से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि मां को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस मामले में आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लाछुड़ा ग्राम निवासी मदन प्रजापत के दो बच्चों की सोमवार को फूड प्वाइजनिंग की वजह से अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उल्टी और दस्त होने से दोनों बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, मदन प्रजापत की पत्नी को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों बच्चों के शवों का आसींद सामुदायिक अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया।

### रिश्तेदारों ने दो दूल्हों को पहनाई 51 लाख की माला



**भरतपुर।** जिले के मेवात इलाके में रिश्तेदारों ने दो दूल्हों को 51 लाख रुपयों की नोटों की माला पहनाई। इन मालाओं की लंबाई इतनी ज्यादा थी कि उसे पहनकर दूल्हों को छत पर खड़ा होना पड़ा। डीग जिले में कामां क्षेत्र के नगला कुलबामा गांव के निवासी साजिद की पिछले दिनों शादी हुई थी। दूल्हा बहुत ही सामान्य परिवार से है और उसका परिवार मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता है। उसकी शादी में आए रिश्तेदारों ने 500 रुपए के नोटों से बनी 51 लाख की माला दूल्हों को पहनाई। इसे पहनाने के लिए रिश्तेदारों को सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा। फिलहाल तो यह माला और उसे पहने दूल्हे के वीडियो सोशल मीडिया वायरल हैं।

---

**जिला प्रशासन के साथ टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों का किया दौरा, वेंडर्स से संबंधित प्लान पर भी चर्चा**

# प्रमुख चौराहों का होगा पुनर्विकास, सुधरेगी यातायात व्यवस्था

**बेधड़क** | भरतपुर

ट्रैफिक जाम और दुर्घटना की समस्या से जूझ रहे भरतपुर शहर के प्रमुख चौराहों का अब आईआईटी खड़गपुर सौंदर्यीकरण और रीडेवलपमेंट करेगा। इसके लिए सोमवार को जिला प्रशासन के साथ आईआईटी खड़गपुर की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों का अवलोकन किया। साथ ही यातायात, वेंडर्स से संबंधित प्लान पर चर्चा की। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि शहर के सभी चौराहों का सौंदर्यीकरण कर वेंडिंग जोन एवं नॉन वेंडिंग जोन के अनुसार स्थानों को चिह्नित किया




जाएगा। रोड किनारे स्थाई, अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर यातायात सुव्यवस्थित कराया जाएगा। शहर में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक घना के साथ-साथ शहर के ऐतिहासिक एवं पुरामहत्व के स्थानों को देख सकें और स्थानीय नागरिकों को सुन्दर व सुव्यवस्थित शहर मिले, इसकी कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके लिए सोमवार को आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर्स की टीम, यूआईटी, नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बस से शहर के सारस चौराहा, शीशम तिराहा, काली बगीची चौराहा, हीरादास चौराहा, कुम्हेर गेट चौराहा, बिजली घर चौराहा समेत प्रमुख चौराहों का मौका निरीक्षण किया।

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात

जिला कलेक्टर ने टीम के साथ चर्चा कर सौंदर्यीकरण व सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के संबंध में मिले सुझाव के अनुसार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि शहर में स्वच्छता, सुन्दरता के साथ सुगम यातायात के लिए वैचारिक मंथन कर प्लान तैयार किया जा रहा है। शहर में जगह-जगह होने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए चौराहों पर स्लिपलेन अथवा ट्रैफिक सिग्नल के संबंध में उपलब्ध स्थान के अनुसार प्लान तैयार किया जा रहा है। इससे शहर में यातायात अवरुद्ध नहीं होगा और प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी।

### कई जगहों को किया चिह्नित

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने बाईपास से हीरादास की ओर जाने वाले मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने, रोड किनारे दोनों तरफ जलभराव वाले स्थानों को चिह्नित कर जल निकासी का प्लान बनाने के निर्देश दिए। हीरादास सर्किल पर पेट्रोल पम्प के पीछे यूआईटी की जमीन पर सुलभ कॉम्पलेक्स, वाहनों की पार्किंग एवं वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्णय लिया गया। तोप तिराहे पर स्थित खाली भूमि पर नगर निगम को वेंडिंग जोन बनाने, कुम्हेर गेट चौराहे पर अस्थाई, स्थाई अतिक्रमणों को हटाने, रेलवे स्टेशन सर्किल को यातायात की दृष्टि से उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कर दोनों तरफ अतिक्रमणों को हटाते हुए सर्विस रोड का प्लान तैयार करने के लिए भी कहा। आरबीएम अस्पताल से बिजलीघर तक वेंडिंग, नॉन वेंडिंग जोन की पालना प्रभावी रूप से कराने, कन्नीगुर्जर सर्किल से मानसिंह सर्किल तक वेंडिंग जोन के बाहर तक खड़े होने वाले ठेलों को व्यवस्थित कराने, मानसिंह सर्किल के पास खाली भूमि को समतल कर वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश भी दिए गए।

---

**किशनगढ़ में सीएम शर्मा ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

# कांग्रेस ने गरीबी हटाने का सिर्फ नारा दिया, मोदी ने किया विकास

**बेधड़क** | अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को अजमेर जिले के दौरे पर हैं। सीएम शर्मा ने किशनगढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत की। कार्यकर्ता सम्मेलन में सीएम भजनलाल शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुटने का आह्वान किया। साथ ही कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन इसको लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि इन सभी विषयों को लेकर वह जनता के बीच जाएं और बताएं। कार्यकर्ता जनता के बीच यदि विकास को लेकर कोई वादा करता है तो वह सरकार पूरा करेगी। हर कार्यकर्ता को लगना चाहिए कि सरकार उसके साथ खड़ी है। सीएम भजनलाल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस देश से गरीबी हटाने का नारा देती आई है। इतने वर्षों तक कांग्रेस ने देश पर राज किया, लेकिन देश से गरीबी हटाने में कांग्रेस ने कोई रुचि नहीं दिखाई। मोदी सरकार ने गरीबों के लिए आवास, शौचालय, गैस सिलेंडर, बिजली, पानी, मुफ्त इलाज आदि अनेक योजनाएं देकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश की सत्ता की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथ में आने के बाद देश की राजनीति में बदलाव लाने का काम पीएम ने किया है। पहले देश में झूठ और लूट की राजनीति थी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में 90 दिन की भाजपा सरकार ने चुनाव में दिए गए संकल्प पत्र के 45 फीसदी काम पूरे कर दिए हैं। एक माह बाद ही विधायकों को विकास के लिए राशि दे दी गई थी, ताकि वह अपने क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार विकास कार्य करवा सकें। पार्षद, सरपंच से लेकर विधायक तक जनप्रतिनिधियों के भत्तों में बढ़ोतरी की गई। किसान सम्मन निधि, सामाजिक पेंशन को बढ़ाया गया। गहलोत सरकार में युवाओं के भविष्य के साथ हुए छलावे यानी पेपर लीक और नकल प्रकरण में एसआईटी गठित की गई। 96 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है और जल्द ही यह आंकड़ा शतक पार होगा। किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा।



### गैंगस्टर आया तो वापस नहीं जाएगा

कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पहले व्यापारियों को फिरौती के लिए गैंगस्टर धमकाया करते थे, लेकिन अब राजस्थान में ऐसा नहीं है। राजस्थान में यदि कोई गैंगस्टर आएगा तो वह वापस नहीं जाएगा। कोई कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, गलत करेगा तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

### कांग्रेस ने की केवल झूठ की राजनीति

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सीएम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने बीते 40 वर्षों में कुछ नहीं किया। ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना (ईआरसीपी) को भी अटकाए रखा। कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की। चुनाव के वक्त कांग्रेसी नेता यमुना का पानी राजस्थान में लाने का दावा करते थे और झूठ बोलकर चुनाव जीते थे। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद ईआरसीपी को लेकर मध्य प्रदेश सरकार से समझौता हो गया है। अब प्रोजेक्ट पर जल्द काम शुरू हो रहा है। पेट्रोल डीजल की कीमतों में भी राजस्थान में असमानताएं थीं। सीमावर्ती जिलों में पेट्रोल डीजल की कीमत अधिक थी। केंद्र सरकार से आग्रह करने के बाद इस असमानता को भी खत्म किया गया। पेट्रोल में 7 रुपए और डीजल में साढ़े 6 रुपए कम किए गए।

### श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले बूथ होंगे सम्मानित

हर मंडल पर जिन 5 बूथ पर श्रेष्ठ प्रदर्शन रहेगा, उन सभी बूथ अध्यक्ष को आमंत्रित करके सम्मान किया जाएगा। अन्य बूथ अध्यक्षों को भी बुलाया जाएगा। सीएम शर्मा ने मजाक के अंदाज में कहा कि अपनी पत्नी को भी वोट डालने का कहना न भूलें, बल्कि उन्हें तीन बार कहें। उन्होंने कहा कि बीजेपी जाति, परिवार की पार्टी नहीं है, बल्कि 36 कौम और कार्यकर्ताओं की पार्टी है।

---

**दुकान से घर जाते समय किया था हमला**

## सर्राफा व्यापारी से सोने-चांदी के आभूषण लूटने के चार आरोपी गिरफ्तार



**बेधड़क** | उदयपुर

जिले में सर्राफा व्यापारी पर हमला कर सोने-चांदी लूटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गए आभूषण बरामद कर घटना में प्रयुक्त बाइक व स्कूटी को भी जब्त कर लिया है।

इस मामले को लेकर प्रार्थी रोशन लाल सोनी निवासी लकड़वास ने रिपोर्ट दी थी। इसमें रोशन लाल ने बताया था कि उनकी सोने-चांदी की दुकान है। 20 अप्रैल को वह अपनी दुकान बंद कर दुकान में रखे सारे जेवरात बैग में भरकर बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान सूखा नाका पुलिया से पहले रोड पर अज्ञात बदमाशों ने उसके पीछे बाइक लगा दी और उसकी बाइक को टक्कर मार कर गिरा दिया। इसके बाद आरोपी उनका बैग छीनकर ले गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात चाकू दिखाकर छीन लिए। पुलिस ने इस मामले में छानबीन करते हुए सुनील डांगी (22) निवासी भल्लो का गुड़ा पुलिस थाना कुराबड, रोशन (22), सुरेश उर्फ सूरी उर्फ सूर्या (21) निवासी विजयपुर वल्लभनगर और श्याम उर्फ शेरा गुर्जर (29) निवासी बड़गांव थाना वल्लभनगर हाल जीबीएच अस्पताल के पास ढाबा थाना प्रताप नगर को डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपियों ने वारदात करना कबूल किया। उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर करीब 4.65 किलोग्राम चांदी एवं सोने के आभूषण और नकदी बरामद की।

---

**पीड़िता तड़पती रही हॉस्पिटल स्टाफ नहीं पहुंचा**

## वार्ड के बाहर महिला का प्रसव

**बेधड़क** | बूंदी

जिले के नैनवां में रविवार को एक बार फिर उप जिला अस्पताल की लापरवाही व अव्यवस्था सामने आई है जब इमरजेंसी वार्ड के बाहर एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया।

दर्द से तड़प रही महिला को संभालने के लिए अस्पताल स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा, तो परिजनों को ही महिला को वार्ड में शिफ्ट करना पड़ा। दरअसल, नैनवां उपखंड के फुलेता निवासी अनिता पत्नी सत्यनारायण को प्रसव पीड़ा होने पर नैनवां अस्पताल लाया गया था। महिला की जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे रेफर करते




हुए कहा कि इसे टोंक या बूंदी ले जाओ। इसी दौरान अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर बैंच पर बैठी महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजन सहायता के लिए डॉक्टर और स्टाफ के पास पहुंचे, लेकिन दर्द से तड़पती महिला को संभालने के लिए अस्पताल की ओर से कोई नहीं आया। महिला की पीड़ा देखकर परिजन और परिचित महिलाओं ने उसे संभाला, इसी दौरान महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। इस घटना को लेकर परिजनों में काफी नाराजगी बढ़ गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ की इस लापरवाही से महिला और बच्चे के जीवन पर संकट आ सकता था। उन्होंने कहा कि जब प्रसव कभी भी हो सकता था तो पीड़िता को रेफर करने के बदले अस्पताल में प्रसव कराने का प्रयास किया जाना चाहिए था। इस मामले पर अस्पताल प्रभारी डॉ. समुद्र लाल मीणा का कहना है कि प्री-मैच्योर डिलीवरी थी, महिला को अंदर ले जाने के दौरान यह घटनाक्रम हुआ।

---

**रेसलर को देखने उमड़ा लोगों का हुजूम**

## भाजपा प्रत्याशी के लिए खली का रोड शो

**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिए रविवार को पहलवान द ग्रेट खली को मैदान में उतारा। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। बाड़मेर के बालोतरा में आयोजित रोड शो में दिलीप सिंह राणा उर्फ ग्रेट खली को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

गौरतलब है भाजपा के बागी और निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर-बालोतरा लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने से लड़ाई त्रिकोणीय हो गई है। इसी के चलते भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी की



जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी आलाकमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। बायतू विधानसभा के बाटाडू में जनसभा को संबोधित करते हुए खली ने कहा कि 26 तारीख को आपको देश हित में वोट करना है। आप दूसरों की सभाओं में जोशीले भाषण सुनने भले ही चले जाएं लेकिन वोट भाजपा को ही दें।

उन्होंने कहा कि कैलाश चौधरी ने क्षेत्र के विकास में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, इसलिए उन्हें वोट देकर मोदी के हाथ मजबूत करें और नए राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाएं। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी व बायतु विधानसभा के भाजपा नेता बालाराम मूढ़ सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**प्रेम प्रसंग में दो लोगों की गई जान**

# बाड़ी: पति ने पत्नी के प्रेमी की गोली मारकर हत्या की

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के बाड़ी शहर में विवाहिता का पड़ोसी से प्रेम प्रसंग दो लोगों की जान पर भारी पड़ गया। विवाहिता के पति ने उसके प्रेमी की गोली मारकर हत्या कर दी वहीं हत्या के आरोपी के भजीते पर मृतक के परिजनों ने हमला बोल दिया, जिसके चलते उसको भी जान से हाथ धोना पड़ा।

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने सोमवार को आगरा जिले के खेरागढ़ कस्बे में अपनी पत्नी के प्रेमी को गोली मार कर दी। दिनदहाड़े हुई इस हत्या का बदला लेने की नीयत से मृतक प्रेमी के परिजनों ने बाड़ी शहर में हत्या के आरोपी व्यक्ति के भतीजे पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर



दिया। घायल को परिजनों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हमलावर नामजद आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया गया है। घायल 25 वर्षीय अजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि उसके चाचा लक्ष्मण कुशवाहा ने सोमवार को खेरागढ़ कस्बे में चाची के प्रेमी कंचन सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। चाचा को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार भी कर लिया। उसके बाद मृतक कंचन सिंह के परिजन और रिश्तेदार रात को उसके घर पहुंच गए। आरोपियों ने बदला लेने की नीयत से लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया और मारपीट कर मौके से फरार हो गए।

घायल अजय ने बताया हमलावर रघुवर, प्रकाश, रामजीत और संतोषी खून का बदला खून से लेने की बात कहकर फरार हुए। हमले में उसके पूरे शरीर पर गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा ने बताया घायल का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। घायल का मेडिकल कराकर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों से मिलने की इच्छा बताकर बुलाया

बाड़ी शहर की कृष्णा कॉलोनी निवासी लक्ष्मण कुशवाहा और कंचन पड़ोसी थे। करीब पांच महीने पूर्व कंचन अपने पड़ोसी लक्ष्मण कुशवाहा की पत्नी नीतू को भगाकर ले गया था। दोनों ने सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली। नीतू प्रेमी के साथ भागते समय अपने दो बच्चों को भी साथ ले गई थी। सोमवार को लक्ष्मण ने अपनी पत्नी नीतू को मोबाइल से बात कर अपने बच्चों से मिलने की इच्छा जताई थी। बच्चों से मिलने के लिए नीतू ने लक्ष्मण को खेरागढ़ बुला लिया। खेरागढ़ कस्बे के मुख्य बाजार में नीतू दोनों बच्चे और कंचन को साथ लेकर पूर्व पति लक्ष्मण से मिलने आ गई।

### कंचन को देखते ही सीने पर दागी गोली

पत्नी नीतू जब लक्ष्मण से मिलने पहुंची तो उसने पत्नी के प्रेमी कंचन को देखते ही सीने पर तमंचे से गोली दाग दी। इसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े गोली चलने से बाजार में सनसनी फैल गई। बाजार में मौजूद भीड़ ने हत्या आरोपी लक्ष्मण कुशवाहा को दबोच लिया और लात घूंसों से जमकर धुनाई कर दी। मारपीट कर भीड़ ने खेरागढ़ थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

---

## बारह बालाजी का भरेगा मेला, निकलेगी शोभायात्रा

**बेधड़क** | चाकसू

जिले के कस्बे में हनुमान जयंती पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान हनुमान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिरों में बालाजी को सिंदूर का चोला चढ़ाकर विशेष्ज्ञ श्रृंगार किया जाएगा।

वहीं भजन-कीर्तन से श्रद्धालु रामभक्त को रिझाएंगे। इसके साथ ही सुंदरकांड और रामचरित मानस के पाठ किए जाएंगे। कस्बे में नीलकंठ हनुमान मंदिर, बड़े बालाजी मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे तथा शोभायात्रा निकाली जाएगी। बड़ोदिया गांव स्थित बारह बालाजी मंदिर में वार्षिक मेले का आयोजन होगा। पुजारियों ने बताया पर्व की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी



हैं। सुबह 5 बजे से ही मंदिरों में बजरंगबली का जन्मोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। कई स्थानों के संत भी इसमें शामिल होंगे। इधर, विधायक रामावतार बैरवा व चेयरमैन कमलेश बैरवा ने क्षेत्रवासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी है।

### राजस्थान विवि में 'राइज एंड लीड: यंग वुमन पायनियरिंग इन टेक्नोलॉजी, बिज़नेस एंड पब्लिक लाइफ' पर संगोष्ठी

# टेक्नोलॉजी, बिजनेस, पब्लिक लाइफ से महिलाओं को कराया रूबरू

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग, आई.क्यू.ए.सी और विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह संगोष्ठी "राइज एंड लीड: यंग वुमन पायनियरिंग इन टेक्नोलॉजी, बिज़नेस एंड पब्लिक लाइफ" विषय पर आयोजित की गई।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय आयोग की उप सचिव शिवानी डे मुख्य अतिथि रही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रश्मि जैन ने सभी अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. राजीव सोनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए क़हा कि इस कार्यक्रम से युवा लड़कियों, महिलाओं को टेक्नोलॉजी को समझने, बिज़नेस में अवसर एवं सार्वजनिक जीवन को उत्कृष्ट बनाने की नई दिशा, दशा और उड़ान मिलेगी।

उद्घाटन समारोह के पश्चात 3 तकनीकी सत्रों में कुल 4 महिला वक्ताओं ने युवा लड़कियों एवं महिलाओं को तकनीकी विकास, व्यापार में भागीदारी एवं सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों ने गहनता से बातों को सुना।




### इन वक्ताओं ने किया विचार साझा

वक्ताओं के रूप में डॉ. नमिता मित्तल, डॉ. वीणा अरोड़ा, रेणु सिंह एवं अलका बतरा ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में विधि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंकिता यादव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. मयंक बरनवाल, डॉ. तरुण कुमार जोनवाल, डॉ. भारती चौहान, डॉ. मनीष यादव एवं अन्य सहायक आचार्य डॉ. ओम प्रकाश सिरवी, डॉ. अभिषेक चायल, डॉ. सुनीता शर्मा , डॉ. अरुणा चौधरी, डॉ. अंजू गहलोत आदि मौजूद रहे।

### कुमुद सोशल साईंस डिपार्टमेंट की नई डीन

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में मानव शास्त्र की प्रोफेसर कुमुद शर्मा को सोशियल साईंस डिपार्टमेंट का नया डीन बनाया गया है। उन्हें प्रोफेसर ओम प्रकाश महला की जगह यह नियुक्ति दी गई है। साथ ही कुमुद शर्मा को लोक प्रशासन विभाग का विभागाध्यक्ष का अतिरिक्त दायित्व भी दिया गया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले प्रोफेसर ओमप्रकाश महला के खिलाफ तीन महिला शिक्षिकाओं ने अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। यह मामला काफी दिनों से विवादों में चल रहा था। इसके बाद अब विवि ने महला को हटाकर यह नया निर्णय लिया है।

## Yuva स्टोरीज

### स्टूडेंट्स को उद्यमशीलता में करिअर बनाने की कराई जानकारी मुहैया



**बेधड़क** | जयपुर

जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को पांच दिवसीय ई-वीक का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वी सरवन कुमार आईएएस सेक्रेट्री ऑफ कमिश्नर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग, एसएल सुराणा डायरेक्टर एसकेआईटी, आर के जैन डीन, प्रो बी.एल. शर्मा, पुनीत शर्मा, एस.के गुप्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर वी सरवन कुमार ने छात्रों के साथ अपना अनुभव साझा किए और छात्रों को उद्यम शीलता की ओर अपना करियर के लिए प्रयासरत किया। कार्यक्रम में एस एल सुराणा ने उद्योगशीलता के विषय में अपने विचारों को छात्रों के साथ साझा किया। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुनीत शर्मा ने सैशन माइंड सैट डवलपमेंट में छात्रों को उद्यमशीलता की बारीकी से अवगत करवाया। उन्होंने स्टार्टअप्स को देश का भविष्य बताकर छात्रों को समाज में प्रॉब्लम स्टेटमेंट को पहचानने और उनका समाधान ढूंढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी सेशन में स्टार्टअप को पैटेंट करने का महत्व बताया। उन्होंने स्टार्टअप में आने वाली परेशानियों और चैलेंजेज से रूबरू किया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में आमंत्रित डा. मनोज गट्टानी फाउंडर एंड डायरेक्टर आईजीईटी इनोवेशन ने बहुत ही प्रभावी तरीके से मांइड सैट खेल खिलाकर के छात्रों को प्रभावित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन बीएल शर्मा, प्रोफेसर मोनिका माथुर, डॉ. सविता चैधरी, अजय धनोपिया ने किया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए कॉमन एंट्रेस एग्जाम शुरू 3 मई तक चलेंगी एग्जाम



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम शुरू हो गए हैं। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर परीक्षा पर निगरानी रख रहा है। भर्ती वर्ष 2024 -25 के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 22 अप्रैल से 03 मई तक आयोजित हो रही है। यह परीक्षा प्रदेश के आठ शहरों अजमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर और उदयपुर में 19 केंद्रों पर आयोजित होगी। कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी),अग्निवीर (तकनीकी),अग्निवीर (कार्यालाय सहायक/स्टोर कीपर तकनीकी),अग्निवीर ट्रेडसमैन 10वी पास,अग्निवीर ट्रेडसमैन 8वी पास, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी(महिला सेना पुलिस), सैनिक तकनीकी (एनए), सिपाही फार्मा और धार्मिक शिक्षकों के पदों के लिए परीक्षा आयोजित हो रही है। वहीं इस वर्ष अग्निवीर (कार्यालाय सहायक/स्टोर कीपर तकनीकी) के लिए ऑनलाइन टाइपिंग टेस्ट शुरू किया गया है और इसे उनकी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में शामिल किया गया है। मालूम हो कि भर्ती प्रक्रिया में पहले चरण के रूप में कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की जाती है, जिसके बाद दूसरे चरण में भर्ती रैलियां आयोजित की जाती है। इसमें चयनित उम्मीदवारों को कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के मेरिट के अनुसार बुलाया जाता है। इसके बाद, कॉमन एंट्रेंस एग्जाम और भर्ती रैलियों में आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षणों में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम मेरिट तैयार की जाती है। वहीं विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए उम्मीदवार अपने सेना भर्ती कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

### शिक्षण संस्थानों में मनाया गया वर्ल्ड अर्थ डे

# पृथ्वी को बचाने के लिए बनें सब सारथी

**बेधड़क** | जयपुर

वर्ड अर्थ डे सोमवार को सभी जगह हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने पृथ्वी को बचाने के लिए सारथी बनने की शपथ ली। साथ ही पौधारोपण कर एक-दूसरें को अवेयर किया। राजधानी के कई स्कूलों में बच्चों ने पृथ्वी को बचाने का पोस्टर बनाकर संदेश दिया। बच्चों ने प्लास्टिक यूज को रोकने और हानिकारक पदार्थ को खुले में नहीं फैंकने का संकल्प लिया। टीचर्स और वक्ताओं ने बच्चों को पर्यावरण बचाने के लिए कई अहम जानकारी दी।






### परिंदों के लिए परिंडे अभियान का आगाज

वर्ल्ड अर्थ डे और गर्मियों के मौसम में परिंदों की प्यास बुझाने के लिए अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी और रावत एजुकेशनल ग्रुप ने परिंडे अभियान का आगाज किया है। इस अवसर पर रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने विद्यालय के समीप पार्क में परिंडे और पौधें लगाए व पक्षियों को दाना डाला। वर्ल्ड अर्थ डे पर इस कार्यक्रम में अर्थ को सेव करने एवं पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली गई। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बी एस रावत ने सभी को इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी मधुसूदन दाधीच ने भी अभियान में भागीदारी की अपील की। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने भी विचार रखे।

### अर्थ डे पर स्टूडेंट्स और टीचर्स ने लगाए पौधे

जयपुर। रामबाग स्थित सुबोध महिला महा विद्यालय में अर्थ डे मनाया गया । इस मौके पर स्टूडेंट्स को पृथ्वी की महत्ता समझाने के लिए और उसकी संरक्षण के लिए स्लोगन लेखन ,पोधों की प्रदर्शनी और व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर रेणु जोशी ने पृथ्वी के सभी घटकों जैसे मृदा, जलसंसाधन के साथ पर्यावरण के सभी घटको के भी संरक्षण की महत्वता को रेखांकित किया। उप प्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने पृथ्वी को इसका मूल स्वरुप लौटाने पर बल दिया। इस अवसर पर छात्राओं एवं स्टॉफ ने पौधा रोपण कर इनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन वर्षा शर्मा एवं डॉ. सपना खंडेलवाल ने किया ।



### पौधे लगाए, प्लास्टिक यूज नहीं ली शपथ

जौहरी बाज़ार स्थित आचार्य भिक्षु पब्लिक स्कूल में सोमवार को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर छोटे से लेकर बड़े सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा-छात्राओं ने गमले में पौधे लगाए और उन्हें पानी भी दिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए अपनी कक्षाओं में अर्थ डे से संबंधित पोस्टर्स बनाकर लगाए। स्कूल की प्रिंसिपल पूजा मिश्रा ने बच्चों को अर्थ डे के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें इसका महत्व समझाया और प्लास्टिक यूज नहीं करने की प्रेरणा दी।

### बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

द पैलेस स्कूल में सोमवार को अर्थ डे का उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में 1 से 12 तक के बच्चों ने इन उत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई । इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व को समझाया। उन्हें संसाधनों के सही उपयोग की बात कही। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ बचाने का संकल्प भी किया। स्कूल प्रिंसिपल उर्वशी वॉरमैन ने बच्चों से पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिज्ञा भी ली। इस मौके पर बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और पेड़-पौधों के महत्व के बारे में शिक्षा दी गई।

## सिंडिकेट मीटिंग का घेराव कर पीएटी परीक्षा के नियमों का किया विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई ने सोमवार को कुलपति सचिवालय में आयोजित सिडिंकेट मीटिंग का घेराव कर शोध प्रवेश परीक्षा में मनमाने नियम लागू करने पर विरोध दर्ज करवाया। परिषद ने मांग की है कि पीएटी परीक्षा के नियमों को यूजीसी नियमानुसार रखा जाए।

एबीवीपी इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने बताया कि प्रशासन अपने तानाशाही रवैये पर अड़ा हुआ हैं, विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता मनमाने नियमों को लागू नहीं होने देगा, चाहे हमें न्यायालय की शरण लेनी पड़ेगी तो लेंगे ओर राजभवन में भी इस प्रकरण की शिकायत करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा पास करने वाले सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए, जबकि विश्वविद्यालय साक्षात्कार के लिए दो गुणा अभ्यर्थियों को बुलाने के नियमों का आज मिटिंग में प्रस्ताव रख रहा है जबकि दो गुणा बुलाने का कोई आधार नहीं है| जैसा की अन्य विश्वविद्यालयो ने भी UGC ने भी यूजीसी नियमानुसार प्रवेश लिया हैं। इनमें परीक्षा में मिनिमम 50% सामान्य व 45% आरक्षित कैटेगिरी के पात्रता है।

जबकि राजस्थान विश्वविद्यालय की पीएचडी की सीटो में वार्ड कोटे पर वर्ष 2010 में राजस्थान उच्च न्यायालय की डबल डीबी बैंच के जज सीजे अरुण मिश्रा व मोहम्मद रफीक की खण्ड पीठ ने गौरव त्रिपाठी की अपील पर वार्ड कोटे पर रोक लगायी थी, क्योंकि आरक्षण पॉलिसी का खूला उल्लंघन किया जा रहा था, उसके बाद भी आज तक वार्ड कोटे से एडमिशन दिये जा रहे हैं जो कि गलत है। कर्मचारियों व शिक्षकों के बच्चों के भविष्य को बर्बाद किया जा रहा हैं। पहले विश्वविद्यालय प्रशासन को न्यायालय से इस पूरे प्रकरण का निस्तारण करवाकर वार्ड कोटे को लागू करना चाहिए।

## नैनीवाल ने ली स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति की आजीवन सदस्यता



**जयपुर**। डॉ. गोविंद नैनीवाल ने स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति, जयपुर की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। समिति के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र मौर्य ने डॉ. गोविंद नैनवाल को सदस्यता का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मुकेश कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। डॉ. गोविंद बेनीवाल वर्तमान में गोरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय अलवर में राजनीति विज्ञान विषय के सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत है। डॉ.नैनीवाल न्यू राजस्थान पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन के आजीवन सदस्य है।

**डिस्कशन** | 28 अप्रैल को इक्सोरा ग्लोबल लगाएगा एजुकेशन फेयर

# एजुकेशन फेयर में मिलेगी विदेश में पढ़ाई की जानकारी

**बेधड़क** | जयपुर

विदेश में पढ़ाई के जाने वाले विद्यार्थियों को अब जरूरी जानकारी लेने के लिए परेशानी नहीं होगी। उन्हें करिअर गाइडेंस देने के लिए इक्सोरा ग्लोबल की ओर से आगामी 28 अप्रैल को 10 बजे से शाम 5 बजे तक जयपुर के होटल हिल्टन में एजुकेशन फेयर का लगाया जा रहा है। इक्सोरा ग्लोबल के सीईओ गौरव नागर ने बताया कि हाल ही में बारहवीं क्लास के बोर्ड के एग्जाम्स खत्म हुए हैं, इसी के साथ जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा पाने के इच्छुक होते हैं उनके लिए सितंबर इंटेक की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में सितंबर इंटेक की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देने और उनकी मनचाही यूनिवर्सिटी में एडमिशन प्रोसेस की कठिनाई को खत्म करने और उनकी पसंदीदा यूनिवर्सिटीज के चुनाव जैसी सभी बातों को ध्यान में रखते हुए एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है।



### विदेशी यूनिवर्सिटीज के रिप्रेजेंटेटिव्स होंगे मौजूद

वन स्टॉप सॉल्यूशन के तहत विदेशी यूनिवर्सिटीज के रिप्रजेंटेटिव्स भी एजुकेशन फेयर में मौजूद रहेंगे, जो खुद विद्यार्थी और उनके पैरेंट्स से संवाद स्थापित करेंगे। विदेश में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों के लिए चाहे लोन असिस्टेंट की बात हो या फिर हम बात करें विजा अस्सिटेंस की या फिर अकोमोडेशन को लेकर विद्यार्थियों और उनके पैरेंट्स से कोई सवाल हो ऐसे सभी सवालों के जवाब के लिए एक्सपटर्स को एजुकेशन फेयर में बुलाया गया है, जिसमें खुद विद्यार्थी एक्सपर्ट से अपने सवालों को साझा करेंगे और एब्रॉड एजुकेशन के लिए पर्सनल काउंसलिंग सेशन को भी अटेंड करेंगे।

### एक्सपर्ट्स की राय बहुत जरूरी

गौरव नागर ने बताया कि किसी भी विषय वस्तु को समझने के लिए एक्सपर्ट्स की राय अहम होती है। ऐसे में यदि जब कोई विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहता है, तो विद्यार्थियों के जहन में उठ रहे सवालों का जवाब मिलना बहुत महत्वपूर्ण बात होती है, इसी बात को मध्य नजर रखते हुए राजस्थान भर से आए विद्यार्थियों के लिए इस एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है।

### पिछले साल भारतीय छात्रों की रही थी अधिकता

एजुकेशन फेयर के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन शुरू किया जा चुके है, जिसमें कई विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा भी लिए हैं। सभी विद्यार्थियों के लिए फेयर में रजिस्ट्रेशन,एंट्री और काउंसलिंग पूर्णतया निशुल्क है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में विदेशी यूनिवर्सिटीज में भारतीय छात्रों की अधिकता पाई गई है, ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में भी भारतीय छात्र विदेशी उच्च शिक्षा ग्रहण करने में अग्रणी रहेंगे।

# अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता-रूद्रावतार हनुमान



कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान

हनुमान जयंती पर विशेष



हनुमानजी भगवान शिव के रुद्रावतार हैं। अष्ट सिद्धियां और नो निधियां प्राप्त हनुमान शक्ति एवं साहस के प्रतीक हैं। उनकी आराधना से व्यक्ति अपने भीतर स्वयंमेव ऊर्जा का अनुभव करता है। भारतीय संस्कृति में हनुमान भगवान श्री राम की भक्ति के भी अद्भुत उदाहरण हैं। हमारे यहां पौराणिक कथाओं में आता है कि भगवान श्री राम से हनुमान ने यह यह वरदान मांगा था कि धरती पर जब तक रामकथा हो तब तक उनका भी जीवन बना रहे। इसीलिए आज भी हनुमान पृथ्वी के जीवंत देवता हैं। शरीर के साथ-साथ मन से भी वह अपार बलशाली थे। उनके स्मरण मात्र से जीवन के बड़े से बड़ा संकट दूर हो जाता है, इसलिए वह संकटमोचक हैं।

संत तुलसीदास जी रचित हनुमान चालीसा की चौपाईयां पढेंगे तो पाएंगे हनुमानजी का पूरा जीवन—चरित्र उसमें समा गया है। हनुमान का पूरा जीवन ही प्रेरणा देने वाला है। कथा आती है कि वह जब छोटे बालक थे तब उन्हें एक दिन जोरों की भूख लगी। हनुमान जी ने सूर्य को फल समझकर निगल लिया। उस समय सूर्यग्रहण था और राहु सूर्य को ग्रस्त करने के लिए आया था। हनुमानजी का विशाल आकार और उनको सूर्य को निगलते देखकर राहु ने डरकर देवराज इन्द्र से शिकायत की। इन्द्र को ऐरावत पर चढ़कर आते देख पवनकुमार ने उसे बड़ा-सा सफेद फल समझा और उसी को पकड़ने के लिए चले। इस पर इन्द्र ने अपने वज्र से हनुमानजी के मुख पर जोरों से प्रहार किया, जिससे उनकी हनु यानी ठुड्डी टेढ़ी हो गयी और वे पृथ्वी पर गिर पड़े। इससे कुपित होकर जनुमान के पिता वायुदेव ने अपना प्रवाह रोक दिया जिससे सबका श्वास अवरुद्ध होने लगा। यह देखकर ब्रह्माजी ने हनुमानजी को पूर्ण स्वस्थ कर उन्हें अमरत्व प्रदान किया और अग्नि-जल-वायु से उन्हें अभय प्रदान किया। इस प्रकार हनु के टेढ़ी हो जाने से वे 'हनुमान' कहलाए।

हनुमान माता अंजना के पुत्र हैं। उनके पिता महाराज केसरी है। पर वह पवन देव के मानस पुत्र है, इसलिए पवन पुत्र हैं। भगवान श्री राम के परमभक्त हैं, इसलिए राम दूत है। दूत का काम होता है अपने स्वामी का संदेश सुनना—सुनाना। हनुमान जी सारे जगत में अपने स्वामी प्रभु श्री राम का ही संदेश सुनाते है। तुलसी रचित रामचरित मानस के सुन्दरकांड में हनुमान जी ने हर स्थान पर अपना परिचय अपने नाम के स्थान पर श्री राम दूत के रूप में ही दिया है।

हनुमान अतुलितबलधाम हैं। उनकी शक्तियों की तुलना किसी और से नहीं हो सकती है। धर्म की रक्षा के लिए उन्हें अमरता का वर मिला। इसलिए कलयुग में भी वह जागृत देव हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, हनुमान हिमालय स्थित गंधमादन पर्वत पर रहते हैं। यह पर्वत अंजनाद्रि के नाम से जाना जाता है, यही हनुमान का जन्मस्थान भी है। बचपन में जब हनुमान जी ने सूर्य को फल समझकर खाने का प्रयास किया तो समस्त संसार में अंधकार छा गया था। इन्द्र ने उन पर वार किया तो वायुदेव नाराज हुए और चहुंओर प्राणवायु रूक गयी। तब समस्त देवी-देवताओं ने वायुदेव को मनाया और बजरंगबली को दिव्य अस्त्र-शस्त्र भेंट किए। हनुमान जी कुबेर ने गदा प्रदान की। हनुमानजी ने बाएं हाथ में गदा धारण की, इसलिए 'वामहस्तगदायुक्तम' कहे गए। उनकी गदा का नाम है कौमोदकी। इस गदा के एक वार से ही उन्होंने रावण के रथ को तहस-नहस कर दिया था।

हनुमानजी बुद्धि और बल के दाता हैं। भगवान श्री राम ने हनुमानजी को प्रज्ञा, धीर, वीर, राजनीति में निपुण आदि विशेषणों से संबोधित किया है। हनुमानजी बल और बुद्धि से संपन्न हैं। उनको मानसशास्त्र, राजनीति, साहित्य, तत्वज्ञान आदि शास्त्रों का गहन ज्ञान है। बड़ी रोचक कथा है कि लक्ष्मण मूर्छित होने के समय की। द्रोणगिरी पर्वत से संजीवनी बुटी लेकर जब हनुमान लौट रहे थे तब रावण को इस बात का पता चल गया। रावण ने शनिदेव को उनके पीछे लगा दिया। हनुमानजी ने जब अपने बल और बुद्धि से शनि को अपने पैरों के नीचे कुचलकर बांधकर दिया। शनि बड़ा परेशान हुआ और हार मान ली। कहते हैं तब हनुमानजी ने इस शर्त पर शनि को माफ किया कि कोई भी व्यक्ति शनि से पीड़ित होगा और भगवान श्री राम का जाप करेगा तो वह उसे परेशान नहीं करेगा। हनुमान इसीलिए संकटमोचक हैं कि वह इसी तरह मनुष्य को हर संकट से मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं।

हनुमान मानव जीवन की प्रेरणा के स्त्रोत हैं। वह यह सीख देते हैं कि कैसे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण रखते हुए कार्य करें और लक्ष्य प्राप्ति तक विश्राम न करें। उनका जीवन श्री राम के हर आदेश का पालन करते हुए उसे सफल तरीके से सिद्ध करते स्वामीभक्ति और निमित्त मात्र होते कार्य करने का संदेश है। बल और बुद्धि का कैसे समुचित उपयोग किया जाए, यह हनुमानजी के जीवन—चरित से समझा जा सकता है।

उन्हें जब जरूरत पड़ी तो उन्होंने अपने आपको छोटे स्वरूप में बदल लिया और सुरसा के मुंह के भीतर जाकर बाहर निकल आए और आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने पूंछ को बढ़ाकर पूरी लंका को भस्म कर दिया। ऐसे बजरंग—बली के जन्मोत्सव पर उन्हें स्मरण करते, उनसे सीख लेते हुए भव सागर की हर बाधा पार करने का प्रयास करें।

## दैविक रूप से हनुमान का अवतरण दिवस चैत्र पूर्णिमा

# बजरंग बली थे वज्र की भांति कठोर



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *मारुति, अंजनि सुत, पवनपुत्र, संकटमोचन, केसरीनन्दन, महावीर, कपीश, शंकर सुवन आदि उनके ही नाम हैं। हनुमान के गुरु इनकी माता, भगवान शंकर, भगवान सूर्य और ऋषि मातंग थे। मान्यता के अनुसार हनुमान भगवान शिव के अवतार हैं। उन्हें शिव का ग्यारहवां रुद्रावतार माना गया है, जो अत्यंत बलवान और बुद्धिमान हैं। भगवान शिव का अवतार होने के कारण बचपन से ही उनको दैविक शक्तियां प्राप्त थीं। हनुमान को पवन देव का आशीर्वाद प्राप्त है, इसलिए उन्हें पवन पुत्र के नाम से भी जाना जाता है।*

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध रामायण के प्रमुख पात्र श्रीराम भक्त हनुमान न केवल अपनी अद्वितीय शक्ति ,निष्ठा और बुद्धि के लिए लोकख्यात हैं, बल्कि वे साहस, निस्वार्थता, समर्पण व धार्मिकता के प्रतीक के रूप में भी जाने जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि अष्टचिरंजीवियों में शामिल हनुमान का अवतरण त्रेतायुग के अंतिम चरण में भगवान श्रीराम की सेवा के लिए चैत्र पूर्णिमा तिथि और मंगलवार के दिन हुआ था। इसलिए प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाए जाने की पौराणिक परिपाटी है। वर्तमान वर्ष 2024 में चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल दिन मंगलवार को पड़ने के कारण इस दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाई जाएगी। हनुमान के नामकरण से संबंधित प्रचलित पौराणिक कथा के अनुसार इन्द्र के वज्र से हनुमान की ठुड्डी अर्थात हनु टूट गई थी। इसलिए उनको हनुमान का नाम दिया गया। हनुमान का शरीर बज्र की भांति कठोर होने के कारण उन्हें बजरंग बली के नाम से भी जाना जाता है।

वाल्मीकि रामायण के किष्किंधाकांड 4/66 में हनुमान के जन्म व जन्म स्थान का वर्णन अंकित है। कथा के अनुसार माता सीता की खोज में समुद्र के किनारे सभी वानरों के पहुंचने पर यह प्रश्न आ उपस्थित हुआ कि लंका जाने के लिए समुद्र कौन पार करेगा? इस बात को लेकर सभी संशयित थे। इस पर जाम्बवंत ने हनुमान को समुद्र पार कर लंका जाने के लिए उत्साहित करते हुए उन्हें हनुमान के दिव्य जन्म की कथा सुनाई। हनुमान की दिव्य जन्म की कथा सुनाते हुए जाम्बवंत वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकांड 4/66/8 में कहते हैं कि उनकी माता अंजना स्वर्ग की श्रेष्ठ अप्सरा पुंजिकस्थला थी, और वानरराज केसरी की पत्नी हैं। तीनों लोकों में अपनी सुंदरता के लिए विख्यात पुंजिकस्थला को एक शाप के कारण पृथ्वी पर एक वानरी के रुप में जन्म लेना पड़ा, जो कभी भी अपना रुप बदल सकती थीं। इसके आगे 4/66/10-11 में हनुमान की माता अंजना के पिता व मायका वालों का परिचय देते हुए जाम्बवंत कहते हैं कि हे हनुमान - अंजना कुंजर नामक वानर राज की पुत्री के रूप में जन्म लेती



हैं। एक बार जब वह आभूषण, गहने आदि धारण कर और सुंदर मालाएं पहन कर एक पर्वत की चोटी की तरफ जा रही थी, तब 4/66/12-13 के अनुसार अचानक उनके वस्त्रों को पवन अर्थात मारुत अर्थात हवा ने उड़ा दिया। और पवन उनके आंतरिक अंगों में प्रवेश कर गए। 4/66/16 के अनुसार पवन के इस प्रकार उनके आंतरिक अंगों में प्रवेश करने पर अंजना ने पूछा कि कौन वह अदृश्य शक्ति है, जो उनके एक पतिव्रत होने की इच्छा को तोड़ रहा है? इस पर पवन देव ने कहा कि मैंने आपका अपमान नहीं किया है। मैं सभी में प्रवेश करने वाला पवन देव हूं। मैंने आपके अंदर दैविक रूप से प्रवेश किया है, जिससे आपको एक महान और तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति होगी। इस कथा में आगे स्पष्ट किया गया है कि हनुमान की माता अंजना वानरराज केसरी की पत्नी थीं। और उनका लालन पालन किया-

**स त्वम् केसरिणः पुत्रः क्षेत्रजो**
**भीम विक्रमः।।**
**मारुतस्य औरसः पुत्रः तेजसा**
**च अपि तत् समः।**
**त्वम् हि वायु सुतो वत्स प्लवने**
**च अपि तत् समः।।**
**- वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकांड 4/66/29- 30**

अर्थात- जाम्बवंत ने कहा कि आप केसरी की पत्नी अंजना के महापराक्रमी पुत्र हैं। आप वायुदेव के औरस पुत्र हैं और आप वायुदेव के समस्त गुणों से युक्त हैं। आप उन्हीं वायुदेव के समान कहीं भी उड़ कर आ-जा सकते हैं।

वाल्मीकि रामायण के उत्तरकांड में भी हनुमान की जन्म कथा प्राप्य है। वहां ऋषि अगत्स्य के द्वारा भी हनुमान के जन्म की कथा कही गई है। वाल्मीकि रामायण उत्तरकाण्ड 7/35/19-20 में कहा गया है-

**सुवर्णदत्तवरस्वर्णः सुमेरुर्नाम पर्वतः।**
**यत्र राज्यं प्रशास्त्यस्य केसरी**
**नाम वै पिता।।**
**तस्य भार्या बभूवेष्टा**
**अंञ्जनेति परिश्रुता।**
**जनयामास तस्यां वै**
**वायुरात्मजमुत्तमम् ।।**
**- वाल्मीकि रामायण उत्तरकाण्ड 7/35/19-20**

अर्थात- भगवान सूर्य के वरदान से जिसका स्वरुप सुवर्णमय हो गया है, ऐसा एक सुमेरु नाम से प्रसिद्ध पर्वत है, जहां हनुमान के पिता केसरी राज्य करते हैं। उनकी अंजना नाम से विख्यात प्रियतमा पत्नी थीं। उनके गर्भ से वायुदेव ने एक उत्तम पुत्र को जन्म दिया।

इस कथा से ऐसा प्रतीत होता है कि वायुदेव जहां हनुमान के जैविक पिता हैं, वहीं केसरी उनके मानस पिता हैं। महाभारत में भी हनुमान के जन्म की कथा अंकित है। महाभारत के वन पर्व में महावीर हनुमान और भीमसेन की मुलाकात होने पर हनुमान अपना परिचय वानरराज केसरी और वायुदेव दोनों के पुत्र के रूप में देते हुए कहते हैं कि कमलनयन भीम! मैं वानरश्रेष्ठ केसरी के क्षेत्र में जगत के प्राणस्वरुप वायुदेव से उत्पन्न हुआ हूं। मेरा नाम हनुमान वानर है।

वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकांड 4/66 में जाम्बवंत कथा में आगे कुछ और ही तथ्य प्रस्तुत करते हुए प्रतीत होते हैं। इसके आगे अंकित कथा से यह स्पष्ट हो जाता है कि महावीर हनुमान का जन्म माता के गर्भ से नहीं हुआ था, बल्कि वे प्रगट हुए थे। और वे एक गुफा में दिव्य रुप से पाये गये थे। वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकांड 4/66/20 में कहा गया है-

**एवम् उक्ता ततः तुष्टा**
**जननी ते महाकपेः।**
**गुहायाम् त्वाम् महाबाहो**
**प्रजज्ञे प्लवगर्षभ।।**
**- वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकांड 4/66/20**

अर्थात- हे महाकपि हनुमान! जब पवनदेव के वरदान को तुम्हारी माता ने सुना तो वह प्रसन्न और अनुग्रहित हो गईं। तब तुम्हारी मां ने तुम्हें दिव्य रूप से तुम्हें गुफा में पाया।

रामायण के वैदिक विद्वानों के अनुसार इस श्लोक में आये प्रजज्ञ शब्द के गहरे अर्थ है। प्रजज्ञ और प्रजनन में अंतर होता है। प्रजज्ञ का अर्थ होता है- पाया जाना। अर्थात हनुमान का जन्म नहीं हुआ था। वे पाए गए थे, अथवा प्रगट हुए थे या फिर दैविक रुप से उनका अवतरण अर्थात आगमन हुआ था। वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड में महावीर हनुमान लंका में माता सीता को अपना परिचय देते हुए अपने जन्म के बारे में कथा सुनाते हुए कहते हैं-

**माल्यवान नाम वैदेहि**
**गिरीणाम् उत्तमो गिरिः।**
**ततो गच्छति गो कर्णम्**
**पर्वतम् केसरी हरिः।।**
**स च देव ऋषिभिः दृष्टः पिता**
**मम महाकपिः।**
**तीर्थे नदी पतेः पुण्ये शम्ब**
**सादनम् उद्धरत्।।**
**तस्य अहम् हरिणः क्षेत्रे जातो**
**वातेन मैथिलि।**
**हनूमान् इति विख्यातो लोके**
**स्वेन एव कर्मणा ।।**
**-वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड 5/35/80-82**

अर्थात-विदेहनंदिनी! पर्वतों में माल्यवान नाम से प्रसिद्ध एक उत्तम पर्वत है। वहां केसरी नामक एक वानर निवास करते थे। एक दिन वो वहां से गोकर्ण पर्वत पर गए। महाकपि केसरी मेरे पिता हैं। उन्होंने समुद्रतट पर विद्यमान उस पवित्र गोकर्ण तीर्थ में देवर्षियों की आज्ञा से शम्बसादन नामक दैत्य का संहार किया था। मिथिलेश कुमारी! उन्हीं कपिराज केसरी के गर्भ से वायुदेवता के द्वारा मेरा जन्म हुआ है और मैं लोक में अपने ही कर्म के द्वारा हनुमान नाम से विख्यात हूं।

## व्यंग्य

# अंतरात्मा की आवाज पर वोट!



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

मतदान का समय आ गया है। मेरी चिंता राई से पहाड़ सरीखी बड़ी होती जा रही है। किसे वोट दूं, नेता को या नोटा को ? यह यक्ष प्रश्न मेरे जेहन में कुलबुला रहा है। मतदान गुप्तदान है, लेकिन मतदान केंद्र से निकलते ही एग्जिट पोल वाले पीछे पड़ जाते हैं। आजकल जीवन का दर्शन ही प्रदर्शन में है. इसलिए हम गुपचुप बता देते हैं।

फिर सभी चरणों के मतदान समाप्ति के तुरंत बाद और मुख्य परिणाम आने से पहले ही टीवी चैनल्स,अखबारों में सब उघाड़ दिया जाता है ! अब हमारे यहाँ उघड़ने ,उघाड़ने से ही यश मिलता है ! हमारे वोट की कीमत एग्जिट पोल वाले ही वसूलते हैं ! कई बार मेरा वोट, विकास से ज्यादा व्यक्तिगत श्रद्धा से भी पड़ता रहा। विगत सालों में कई ऐसे अवसर भी आए जब मेरा वोट, टूटी हुई पेयजल लाइन की मानिंद बेकार में ही बह गया. चुनाव आते ही सब कहते हैं कि लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी होने के नाते हमें वोट अवश्य देना चाहिए. हम इस मुगालते में वोट करते हैं कि हम लोकतंत्र की नींव का एक मजबूत पत्थर हैं. लेकिन चुनाव जीतने के बाद कंगूरे खुद को ही देख, आत्ममुग्ध होते रहते हैं।

उधर, हमारे पड़ोसी का दर्द अलग है। वह कहता है,' हमारे बेटे ने हर बार रोज़गार के नाम पर वोट दिया है। पर बेरोज़गारी बढ़ती गई ,ज्यों-ज्यों वोट दिया।' किसान कहते हैं,' क़र्ज़ बढ़ता ही गया ज्यों,ज्यों वोट दिया ,' सब कुछ न कुछ कहते हैं।

कई बार लगा कि हमने वोट की क़ीमत नहीं समझी! वैसे वोट की क़ीमत तो हमारी कॉलोनी के पिछवाड़े नाले में बसी कच्ची बस्ती ने खूब समझी है। वोट को लेकर इनकी सोच एकदम पक्की होती है। पांव लड़खड़ाते हुए अपने घर तक पहुंचें न पहुंचें पर मतदान केन्द्र तक अवश्य पहुँचते हैं ! कई बार उन्हें शहर से दूर निःशुल्क या मामूली शुल्क पर आवास भी दिए जाते हैं, लेकिन,खुली हवा में सांस लेने से उनको घुटन महसूस होती है; लिहाजा सब लोग फिर से कच्ची बस्ती में आकर बस जाते हैं। नाले की बदबू उन्हें बेहद सुकून देती है। वोट किसे दें ? इस गंभीर मसले पर चिंताते हुए गुरुजी से पूछा. उन्होंने प्रश्न किया ,'पिछले चुनाव में किसे वोट दिया था?'


हमने बताया कि चुनाव प्रचार में इस पर जोर था कि अनुभवी नेता, जिसने सालों रगड़ाई करवाई हो ,राजनीति में खून-पसीना बहा सैकड़ों जूतियां घिसी हों, उसे वोट देना चाहिए। बाद में पता लगा कि वर्षों जूतियां घिसने के साथ उनकी ईमानदारी, प्रतिबद्धता, जनसेवा की सोच भी घिस गई थी ! वह वोट लेकर अपने घर के आगे से बनी नई सड़क पर दौड़ते हुए बहुत आगे निकल गए।

## स्मृति दिवस विशेष: उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां

# ग़ुलाम अली खां, जिन्होंने ठुमरी को दी एक नई पहचान



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार




उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां ने ख़्याल गायन को वह ऊंचाइयां प्रदान की कि अपने समय में हर एक उनकी गायकी का दीवाना था। यहां तक की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उनकी गायकी के मद्दाह थे। आज़ादी के बाद हुए एक सार्वजनिक आयोजन में ग़ुलाम अली खां साहब के गायन को सुनने के बाद, गांधी जी ने न सिर्फ़ उनकी उस वक्त खुलकर तारीफ़ की, बल्कि बाद में उन्हें एक प्रशंसा भरा ख़त भी लिखा। गोहर जान के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां, देश में दूसरे ऐसे गायक थे, जिन्होंने अपने गायन की रिकॉर्डिंग कराईं। शास्त्रीय संगीत से उन्होंने आम लोगों को इस तरह वाक़िफ़ कराया, जैसे कि वह लोकप्रिय संगीत हो। ग़ुलाम अली खां की ठुमरी, दादरा बेमिसाल थी। ठुमरी को उन्होंने एक नई पहचान दी।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ की पहचान एक दिग्गज गायक के रूप में है। भारतीय शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत की दुनिया में बड़े-बड़े गायक हुए, मगर ग़ुलाम अली खां साहब को दुनिया भर में जो नाम, शोहरत और एहतिराम मिला उसका कोई मुक़ाबला नहीं। यहां तक कि उनके समकालीन उन्हें तानसेन का मर्तबा देते थे। महान सितारवादक पंडित रविशंकर ने अपनी आत्मकथा 'राग अनुराग' में ग़ुलाम अली खां की गायकी की अज़्मत को बयां करते हुए एक जगह लिखा है, ''उन जैसा, ठीक उन जैसा और कोई मुझे कभी नहीं लगा। रबीन्द्रनाथ के शब्दों में सभाभंग के काशीनाथ के समान सिर्फ सात सुर ही नहीं, बारहों सुर भी उनके पालतू पक्षी थे। स्वरों पर इस तरह का कंट्रोल किसी के कंठ में आज तक मैंने नहीं देखा है महाशय!'' (किताब-'राग अनुराग', लेखक-पं. रविशंकर, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज-125) अपने स्वरों पर वाक़ई उनका अद्भुत नियंत्रण था। पटियाला घराने की ख़ासियत जो द्रुत तैयारी के साथ तान है, उसे उन जैसा आज तक कोई नहीं गा सका है। सुरों से मुहब्बत करते हुए, वे जज़्बात में कुछ इस कदर बह जाते थे कि उन्हें अपना भी होश नहीं रहता था।

ग़ुलाम अली खां, मुल्क के एक मशहूर मौसीक़ी घराने, पटियाला घराने से तअल्लुक़ रखते थे। बीसवीं सदी के आग़ाज़ 2 अप्रैल, 1901 को अविभाजित भारत के कसूर में, जो कि अब पाकिस्तान में है, उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां साहब की पैदाइश हुई। उस ज़माने में कसूर मौसीक़ी, आर्ट और तहज़ीब के लिए पूरे देश में मशहूर था। खां साहब ने पांच बरस की उम्र से अपने वालिद अली बख़्श खां और अपने चचा फ़तेह अली खां, काले खां से सारंगी व ख़्याल गायकी की इब्तिदाई तालीम ली और शुरुआत के पहलू-ताल, अंतरे और स्थाइयाँ सीखीं। वे घंटो इसका रियाज़ करते। इस हद तक कि उन्हें लोग बावला और पागल तक समझते थे। कहते कि ''यही हाल रहा, तो यह लड़का पागल हो जाएगा।'' अपनी बेइंतिहा लगन और जुनून के दम से ग़ुलाम अली खां ने ज़ल्द ही ख़्याल गायकी पर महारथ हासिल कर ली। और शास्त्रीय संगीत के पटियाला घराने की परंपरा को मुल्क में आगे बढ़ाया। ख़्याल गायक के तौर पर मशहूर होने से पहले, ग़ुलाम अली खां एक बेजोड़ सारंगी वादक के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके थे। लेकिन बाद में वे पूरी तरह से गायकी में ही रम गए। उनके तीनों भाई उस्ताद मुबारक अली खां, उस्ताद बरकत अली खां और उस्ताद अमानत अली खां भी कसूर-पटियाला घराने के बड़े गायक थे। लेकिन गायकी के मैदान में जो शोहरत उस्ताद ग़ुलाम अली खां को मिली, उसका कोई मुक़ाबला नहीं। उन्होंने मालकौंस, जयजयवंती, कमोद, केदार, भैरवी और पहाड़ी जैसे रागों को अलग आयाम और नये मायने दिए। उनकी आवाज़ में एक अलग ही कशिश थी, जो लोगों को अपनी ओर खींचती थी। अपनी पुर-कशिश आवाज़ में जब वे गाते थे, तो लोग वाह-वाह कर उठते थे।

ग़ुलाम अली खां साहब ने अपने एक इंटरव्यू में पटियाला घराने की खुसूसियात पर रौशनी डालते हुए कहा था, ''हमारे घराने की गायकी में जिन चीज़ों को अहमियत दी गई है, वो यह है कि सबसे पहले मुद्दे की शुद्धता, आवाज़ का खुलापन, सुर का सच्चा लगना, अस्थाई अंतरे का भरना, फिर उसको लय में कहना, राग की सच्चाई का भ्रम रखना, बल्कि ख़ूबसूरती से कहना और हमेशा ग़ालिब नये और विलंबित को राग की शुद्धता के मुताबिक करना और वो तैयारी कहना, यानी जिससे राग पर, टप्पे पर फ़र्क ना आए और राग अपने मियाद से गिरकर ठुमरी का अंग न बन जाए।'' (मैगज़ीन-संगना, उस्ताद ग़ुलाम अली खां से नैना देवी की बातचीत, अंक-अप्रैल सितंबर 2017, पेज-33) उस्ताद ग़ुलाम अली खां के गायन का अंदाज़ ही निराला था। वे सभी रागों के गायन में माहिर थे। चाहे वह दक्षिण का हो, पूरब, या फिर पंजाब का हो। अलबत्ता राग की शुद्धता का ज़रूर ख़याल रखते थे। अस्थाई-अंतरे को भरना, राग को राग के मुताबिक गाना उनकी गायकी की ख़ासियत थी। वे खामख्वाह को विलंबित और ख़ामख्वाह के राग से वक्त ज़ाया नहीं करते थे। उन्होंने ख्याल गायन को इतना जबरदस्त और खूबसूरत बनाया कि लोग उनके गायन के दीवाने हो गए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर खड़े किए थे सवाल, अब पार्टी अध्यक्ष ने किया पलटवार

# खरगे ने पूछा- क्या युवाओं को नौकरी देना मुस्लिम लीग का कार्यक्रम

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सवाल खड़े किए थे। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति उठाकर मुसलमानों में बांट देगी। इय बयान को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर पलटवार किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा



कि क्या हर महिला को सालाना एक लाख रुपए देना मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है? उन्होंने कहा, "युवाओं को नौकरी देना, उन्हें प्रशिक्षण देना और प्रशिक्षण के लिए एक लाख रुपए देना।"

### जो हिम्मत हारता है, उसके पास कोई मुद्दा नहीं होता

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आगे कहा, जो व्यक्ति हिम्मत हार जाता है और उसके पास बात करने के लिए कोई मुद्दा नहीं होता तो वह ऐसी बातें लेकर आते हैं। अगर उनके पास अपने कोई ठोस मुद्दे हैं, कोई ठोस काम है तो वे बता सकते हैं, जैसे हमने NREGA, खाद्य सुरक्षा के बारे में बताया है। उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है और वह हमेशा कांग्रेस, विपक्ष की आलोचना करते हैं और आजकल कह रहे हैं कि आईएनडीआईए गठबंधन में कुछ भी नहीं है, कोई नेता नहीं है।

### देश अब अपने मुद्दों पर करेगा वोट: राहुल गांधी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार को राजस्थान की चुनावी रैलियों में कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठाने पर पार्टी ने पलटवार किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबराकर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। राहुल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि कांग्रेस के क्रांतिकारी घोषणा पत्र को मिल रहे अपार समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा। अपने रोजगार, अपने परिवार और भविष्य के लिए वोट करेगा। भारत भटकेगा नहीं। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने अपनी पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री को चुनौती है कि हमारे घोषणा पत्र में कहीं भी हिंदू मुसलमान लिखा हो तो दिखा दें। इस तरह का हल्कापन आपकी मानसिकता में और आपके राजनीतिक संस्कारों में है। हमने तो युवाओं, महिलाओं, किसानों, आदिवासियों, मध्यम वर्ग और श्रमिकों को न्याय की बात कही है।

### बिहार की छह सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**पटना।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सोमवार को उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में कुल 7 उम्मीदवार शामिल हैं। पार्टी ने बिहार में पांच सीटों पर और पंजाब में दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया। बिहार में कांग्रेस का आरजेडी के साथ गठबंधन है जबकि पंजाब में वो अकेले मैदान में है। बिहार में पांच लोकसभा सीटों की बात करें तो कांग्रेस पार्टी ने पश्चिम चंपारण से मदन मोहन तिवारी, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद, महाराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह, समस्तीपुर से सन्नी हजारी और सासाराम से मनोज कुमार को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, पार्टी ने पंजाब की होशियारपुर सीट से यामिनी गोमर और फरीदकोट से अमरजीत कौर सहोके को प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी ने फरीदकोट से मौजूदा सांसद और मशहूर सिंगर मोहम्मद सदीक का टिकट काट दिया है। बता दें कि बिहार में इंडिया गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे में कांग्रेस को 9 सीटें मिली हैं जबकि 26 सीटों पर आरजेडी चुनाव लड़ रही है।

### एफआईआर दर्ज, माधवी ने वीडियो को बताया फर्जी



**हैदराबाद।** हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के माधवी लता ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस और एआईएमआईएम के बीच मिलीभगत है। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर चुनाव आयोग से संपर्क करेंगी। पुलिस ने रविवार को कहा कि माधवी लता के खिलाफ एक शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है कि उन्होंने एक पूजा स्थल की ओर तीर चलाने का इशारा करके मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। घटना का एक कथित वीडियो पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

### गर्मी को लेकर चुनाव आयोग की हाई लेवल मीटिंग



**नई दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में बढ़ते तापमान और लू चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए चुनाव आयोग ने सोमवार को मौसम विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू शामिल हुए। इसके अलावा भारतीय मौसम विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के दौरान लू से होने वाले खतरे को कम करने के उपायों पर चर्चा की गई।

### अलीगढ़ में विरोधियों पर बरसे पीएम मोदी, बोले...

# आपकी मेहनत की कमाई पर इंडी गठबंधन और कांग्रेस की नजर

■ परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया

एजेंसी | अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पीएम नरेंद्र मोदी ने जनसभा की। नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत की कमाई, आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपकी संपत्ति को कब्जे में लेकर बांटना चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादे से मैं देशवासियों को आगाह कर रहा हूं।

इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। उन्होंने



कहा कि आज तक इन्होंने अपनी अकूत संपत्ति से देश के किसी गरीब को कुछ नहीं दिया। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। जनता के धन को लूटना और देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

आजादी के बाद से सेना की हर खरीद में घोटाले करने वाली कांग्रेस कभी भी यहां डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनवा सकती। भाजपा की वजह से अब हमारा उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर सेना का बहुत बड़ा हब बनने जा रहा है।

### तीन तलाक से कई बेटियों का जीवन तबाह, भाजपा ने सुरक्षित किया

पीएम ने कहा कि जो लोग योगी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं, मैं उनकी आंखें खोलना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ, उतना अकेले योगी जी के कालखंड में हुआ है। इस क्षेत्र को गंगा और यमुना दोनों का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां खेती और किसानों को ताकत कैसे मिले, गन्ना किसानों की ताकत कैसे बढ़े, इसके लिए भाजपा लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है, बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है।

### दोनों शहजादों को चाबी नहीं मिल रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि, पहले जब अलीगढ़ आया था तो अनुरोध किया था सपा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अब देश को गरीबी और भ्रष्टाचार से मुक्त करने का समय आ गया है। परिवारवाद मुक्त करना है। अलीगढ़ से सतीश गौतम और हाथरस से अनूप प्रधान को जितना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां आप कमल का निशान दबाएंगे तो वोट सीधे मोदी को मिलेगा। शादी-विवाह है, गर्मी है, सब कुछ है। मगर देश से बड़ा कुछ नहीं होता। हमको सारे काम छोड़कर करके वोट करना चाहिए।

### अखिलेश नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

## सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप को बनाया प्रत्याशी



एजेंसी | कन्नौज

अखिलेश यादव साल 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अखिलेश यादव के कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं लेकिन सपा द्वारा प्रत्याशियों की नई लिस्ट जारी करने के बाद ऐसे सभी कयासों पर विराम लग गया है। समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट से तेज प्रताप यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने सोमवार को बलिया लोकसभा सीट से भी प्रत्याशी घोषित किया। इस सीट पर सपा ने सनातन पांडेय को कैंडिडेट बनाया है। उनका मुकाबला बीजेपी के नीरज शेखर से होगा। कन्नौज लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। यहां 1998 से साल 2014 तक लगातार समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज की थी लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े सुब्रत पाठक ने कन्नौज में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया।


साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट पर बहुत ही करीबी मुकाबला हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था, इस चुनाव में डिंपल यादव को 5,50,734 वोट मिले थे जबकि उनके सामने चुनाव लड़े बीजेपी के सुब्रत पाठक को 5,63,087 वोट मिले। कन्नौज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने एकबार फिर से सुब्रत पाठक पर ही भरोसा जताया है।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने की कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान की निंदा

# सूपड़ा साफ होते देख बौखलाई कांग्रेस: शाह

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान की निंदा की है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तभी तो वह तीन नए आपराधिक कानून और अन्य कानून वापस ले पाएगी, जो होना ही नहीं है। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में अंधी कांग्रेस पहले चरण में अपना सूपड़ा साफ होते देख बौखला गई है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 150 साल पुराने कानून खत्म कर, भाजपा ने देश की न्याय प्रणाली



को पहली बार भारतीयता प्रदान की है, लेकिन कांग्रेस आज भी गुलामी की मानसिकता को छोड़ना नहीं चाह रही। इसलिए इन लोगों को देश की मिट्टी की सुगंध से बने इन कानूनों से भी आपत्ति है और ये इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि देश का न्याय जगत इसकी मुक्त कंठ से सराहना कर रहा है। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए प्रताड़ित हिंदू, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख और पारसी समुदाय के लोगों का अहित करने पर कांग्रेस आमदा है। गृह मंत्री शाह ने कहा, ये मोदी की गारंटी है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धर्मिक प्रताड़ना झेल कर भारत आए अल्पसंख्यक समुदायों के एक-एक व्यक्ति को सीएए से नागरिकता मिलेगी, इसको कोई नहीं रोक सकता है।

### कांग्रेस के पंजे से देश मुक्त

शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को नए कानूनों से तीन साल के अदर न्याय मिलने से समस्या है। देश की जनता 2014 और 2019 की ही तरह पहले से भी अधिक ताकत के साथ 2024 चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने वाली है। कानूनों को बदलने के लिए सरकार में आना होता है और कांग्रेस का तो मुख्य विपक्ष तक बन पाना भी मुमकिन नहीं है। भारत की मूल संस्कृति और विचार को दबाने वाले कांग्रेस के पंजे से देश ने अपने आप को मुक्त कर लिया है।

### गोरखालैंड जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख का ऐलान

# केंद्र सरकार ने गोरखालैंड की मांग नहीं मानी तो वापस लेंगे समर्थन

■ दार्जिलिंग सीट पर भाजपा की जीत का किया दावा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को गोरखालैंड जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख बिमल गुरंग ने ऐलान किया है कि वे पीएम मोदी का समर्थन करेंगे। बिमल गुरंग पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में लंबे वक्त से गोरखालैंड की मांग कर रहे हैं। गुरंग ने गोरखालैंड की मांग को लेकर उम्मीद जताई है कि अगले 5 साल में उनकी मांग मोदी सरकार द्वारा मान ली जाएगी, वरना वे अपना समर्थन वापस ले लेंगे। दार्जिलिंग सीट को लेकर गुरंग ने कहा है कि यह सीट बीजेपी ही जीतेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि 2019 के मुकाबले जीत का अंतर कम हो सकता है। इंडिया ब्लॉक का समर्थन करने वाली पार्टियों और उनके वोट बंटने की संभावनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि यह कहना गलत होगा कि वोट बंट जाएंगे। बता दें कि बीजेपी ने इस बार अपने मेनिफेस्टो में गोरखालैंड को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है। इसको लेकर गुरंग ने कहा कि बीजेपी के पुराने मेनिफेस्टो में यह रहा है। यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के पास रख दी गई है। इसलिए हर चुनावी घोषणा पत्र में मांग रखना जरूरी नहीं है। 15 साल से गुरंग बीजेपी का समर्थन कर रहे हैं, इसको लेकर उनसे सवाल पूछा गया तो उनका कहना था कि पन्द्रह साल कुछ नहीं हैं। हम 20 साल तक इंतजार करने को तैयार हैं। यदि सरकार इस मुद्दे के समाधान के प्रति गंभीर है तो हम इंतजार करने को तैयार हैं।

### दस सीटों पर 25 मई को वोटिंग

# हरियाणा में अकाली दल और INLD ने मिलाया हाथ

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण की वोटिंग से पहले हरियाणा में सियासी हलचल तेज हो गई है। शिरोमणि अकाली दल आगामी लोकसभा चुनावों में पूरे हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के उम्मीदवारों के समर्थन का ऐलान कर दिया है। सोमवार को वरिष्ठ अकाली नेता और पार्टी के हरियाण इंचार्ज बलविंदर सिंह भूंदड़ की अध्यक्षता में हुई पार्टी की हरियाणा इकाई की मीटिंग हुई।

इस अवसर पर अकाली दल की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष शरणजीत सिंह सोथा भी मौजूद थे।




चंडीगढ़ में पार्टी के मुख्य कार्यालय में आयोजित मीटिंग में इनेलो के जनरल सचिव अभय चौटाला भी शामिल हुए और उन्होने संसदीय चुनावों में इनेलो को पूरा समर्थन देने के लिए हरियाणा इकाई का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इनेलो और अकाली दल पारंपरिक गठबंधन सहयोगी है।

आगामी चुनावों में उनकी एकता से इनेलो को विजयी होने में सहायता मिलेगी।

### हरियाणा की 10 सीटों पर 25 मई को वोटिंग

भूंदड़ ने आगे कहा कि पार्टी जल्द ही अपनी हरियाणा टीम को मैदान में उतारेगी और उन्हे इनेलो का समर्थन करने के लिए विशिष्ट जिम्मेदारियां देगी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि हरियाणा इकाई ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है। हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। इन सभी सीटों पर एक ही साथ 25 मई को छठे चरण में वोट डाले जाएंगे। राज्य में बीजेपी सभी की सभी सीट पर अकेले चुनाव लड़ रही हैं। चुनाव से ठीक पहले बीजेपी ने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) प्रमुख दुष्यंत चौटाला से गठबंधन तोड़ते हुए अकेले मैदान में उतरी है। दुष्यंत चौटाला हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर सरकार में डिप्टी सीएम भी रहे थे, लेकिन जब सीटों पर बात नहीं बनी तो दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गए।

### उम्मीद है लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी: चौटाला

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे क्षेत्रीय पार्टियों को हाशिए पर डालने और यहां तक कि उन्हें खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि केवल क्षेत्रीय पार्टियां ही क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और मुझे विश्वास है कि इनेलो और अकाली दल के हाथ मिलाने से हरियाणा के लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी। इस अवसर पर बोलते हुए बलविंदर सिंह भूंदड़ ने कहा कि पार्टी ने हरियाणा में अपने कैडर से फीडबैक लिया और इस बारे में व्यापक विचार है कि अकाली दल को इनेलो का समर्थन करना चाहिए, जो अकेले किसानों, खेत मजदूरों के साथ-साथ गरीबों और दलितों के समर्थन में खड़ा है।

# रिलायंस को 69,621 करोड़ का मुनाफा

एजेंसी | नई दिल्ली

मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त हुई तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा लगभग स्थिर रहते हुए 18,951 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी का सालाना मुनाफा रिकॉर्ड 69,621 करोड़ रुपए रहा।

रिलायंस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कंपनी की सालाना आय 2.6% बढ़कर 1,000,122 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं जियो प्लेटफॉर्म्स का शुद्ध मुनाफा 20,000 करोड़ रुपए को पार कर गया। रिलायंस रिटेल का




शुद्ध लाभ भी 10,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार रहा। अपनी चौथी तिमाही के नतीजों के एलान के साथ कंपनी ने 10 रुपए प्रति शेयर का लाभांश देने का भी ऐलान किया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा है कि वह सही समय पर लाभांश के भुगतान की तारीख की घोषणा करेगी। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी पहले ही 9 रुपए प्रति शेयर के लाभांश का भुगतान कर चुकी है।

## जरूरी खबर

### अब तक धधक रहा गाजीपुर लैंडफिल



**नई दिल्ली।** गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग पर सोमवार को भी धधक रही थी। बारिश होने के बावजूद आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। कूड़े के पहाड़ से सोमवार को भी लगातार जानलेवा धुआं निकलता दिखाई दिया। जिससे आसपास रहने वाले लोगों को आंखों में जलन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गाजीपुर कूड़े के पहाड़ से लगातार धुआं उठ रहा है। हवा का रुख खोड़ा, मयूर विहार की ओर होने के कारण वहां धुएं से लोगों को घुटन व आंखों में जलन की परेशानी हो रही है। आग लैंडफिल में पैदा हुई गैस के कारण आग लगी।

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान फ्रांस दौरे पर

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए रविवार को फ्रांस रवाना हो गए। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के मद्देनजर भारत-फ्रांस के बीच रक्षा एवं रणनीतिक संबंध महत्वपूर्ण हैं।जनरल चौहान की फ्रांस यात्रा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। जनरल चौहान यात्रा के दौरान फ्रांस के वरिष्ठ प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे, जिसमें उनके समकक्ष फ्रांसीसी सीडीएस जनरल तिएरी बर्कहार्ड, शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर में एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में नौ स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी द्वारा 2022 में दर्ज किए गए एक मामले के तहत आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। श्रीनगर में रहने वाले कुछ संदिग्धों के संबंध में प्राप्त विशेष जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने कई जगह तलाशी ली। मामले के संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े हैं। लश्कर और टीआरएफ दोनों प्रतिबंधित संगठन हैं और जिहाद के नाम पर कश्मीरी युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए लगातार भड़काने और प्रेरित करने में शामिल रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**अहमदाबाद।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आज गुजरात के पोरबंदर में आयोजित साइकिल रैली में भाग लिया। मंडाविया ने इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### अभियान में विजयी होकर वापस लौटा 'तारिणी'



**गोवा।** भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएसवी तारिणी अपने ऐतिहासिक ट्रांसओशनिक अभियान में विजयी होकर वापस लौट आया है। यह अभियान लगभग दो महीने चल चला।

भारतीय नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए द्वारा इस अभियान को डबल हैंडेड मोड में संचालित किया गया। इसके साथ ही ये दोनों लेफ्टिनेंट कमांडर ऐसा अभियान पूरा करने वालीं भारत की पहली महिला अफसर बनीं हैं।

भारतीय नौसेना ने कहा कि 28 फरवरी को आईएनएसवी तारिणी ने समुद्री क्षेत्र में 'नारी शक्ति' का प्रदर्शन करते हुए गोवा से मॉरीशस के पोर्ट लुइस तक अभियान शुरू किया था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 132 व्यक्तियों को दिए अवॉर्ड

# वेंकैया नायडू समेत 5 हस्तियां पद्म विभूषण से हुईं सम्मानित

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू समेत अन्य गणमान्य जनों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

इसके अलावा सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।





अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व राज्यपाल राम नाईक, गायिका उषा उत्थुप, पार्वती बरुआ, चामी मुर्मू, जागेश्वर यादव, हेमचंद मांझी, संगथंकिमा, के चेल्लम्मल, गुरविंदर सिंह और उद्योगपति सीताराम जिंदल सहित 17 को पद्म भूषण से नवाजा गया तथा 110 को पद्मश्री से सम्मानित किया। लगभग आधे विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए। शेष को अगले सप्ताह पुरस्कार दिए जाने की संभावना है। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### 3 श्रेणियों में दिए जाते हैं पुरस्कार

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। पुरस्कार विभिन्न विषयों या क्षेत्रों में दिए जाते हैं। इनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

### इस साल इतने लोगों को दिया सम्मान

2024 के लिए राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कारों का एलान किया था, जिसमें दो युगल मामले शामिल हैं। 32 पद्म पुरस्कारों में पांच पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण और 110 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। विजेताओं में से 30 महिलाएं हैं। इसके साथ ही विदेशी, एनआरआई, पीआईओ, ओसीआई श्रेणी के आठ लोग और नौ मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी सूची में शामिल हैं।

## मुजफ्फरपुर जंक्शन पर हादसा

# फायर सिलेंडर में ब्लास्ट RPF कांस्टेबल की मौत

एजेंसी | मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। इस दौरान ट्रेन में लगी आग को बुझाने के चक्कर में एक आरपीएफ जवान की मौत हो गई। छोटे फायर सिलेंडर में ब्लास्ट होने की वजह से आरपीएफ जवान विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जंक्शन पर हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि वलसाड एक्सप्रेस सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर आई थी। कुछ देर बाद ट्रेन की एस-आठ बोगी के शौचालय में आग लपटें निकलने लगीं। आग की सूचना रेलवे और आरपीएफ की टीम यहां पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। आरपीएफ जवान विनोद कुमार भी आग पर काबू पाने के लिए पहुंचे। उन्होंने फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश पाने लगे। एक फायर सिलेंडर खत्म हो गया लेकिन आग की लपटें कम नहीं हुई। इसी बीच उन्होंने दूसरे फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश की।

### एफएसएल को मौके पर बुलाया

आरपीएफ जवान को इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल भेजा गया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही सोनपुर मंडल से कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एफएसएल को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से कई नमूने इकट्ठा किए हैं। छानबीन में पता चला कि शॉट सर्किट की वजह से आग लगी थी। हालाकि, इस बोगी में मौजूद सभी यात्री उतर चुके थे। आरपीएफ के अनुसार, कांस्टेबल विनोद कुमार आरा नगर क्षेत्र के रहने वाले थे।

## आचार संहिता उल्लंघन मामला

# न्यायालय में पेश हुईं अभिनेत्री जयाप्रदा

एजेंसी | रामपुर

अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के विरुद्ध चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में सोमवार को सुनवाई हुई।

जयाप्रदा अपने अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी के साथ न्यायालय में पेश हुईं। इनमें एक मामले में उन्होंने धारा 313 के अंतर्गत बयान दर्ज कराए, जबकि दूसरे मामले में सफाई साक्ष्य के साथ ही गवाहों की सूची प्रस्तुत की। न्यायालय ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए दो मई नियत की है। जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दोनों मामले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय के हैं। इनमें एक मामला स्वार क्षेत्र का है।

स्वार कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी में उन पर आचार संहिता के बावजूद नूरपुर गांव में सड़क के उद्घाटन का आरोप है। दूसरा मामला केमरी थाने का है। इसमें उन पर पिपलिया मिश्र गांव में आयोजित जनसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

## जवानों का हौसला बढ़ाने सियाचिन पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# सियाचिन भारत की वीरता-बहादुरी की राजधानी

- दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में सैनिकों से संवाद

एजेंसी | सियाचिन (लद्दाख)

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, 'दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।' राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।



उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए।

राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।

## रोजाना एक लाख लोग पहुंच रहे अयोध्या

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने किए रामलाल के दर्शन

एजेंसी | अयोध्या

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा इसी साल 22 जनवरी को हुई थी। उद्घाटन के अगले दिन से रामलला के दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। राम मंदिर में रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। भक्त रामलला की एक झलक पाने के लिए घंटों लाइन में लगने को तैयार रहते हैं।

इसी बीच, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि हर दिन एक लाख से ज्यादा भक्त मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। चंपत राय ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि लोगों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। रामनवमी मेले के बाद आरती और सुगम दर्शन फिर से शुरू हो गए हैं। पास की धोखाधड़ी से बचने के लिए पहली बार पास धारकों की तीन लेयर की जांच की व्यवस्था शुरू की गई है। इस चेकिंग के लिए पास धारकों को जारी पास के साथ आईडी लाना भी अनिवार्य है। पहले यह अनिवार्य नहीं था।



केवल पास वाले भक्तों को ही मंदिर में एंट्री की इजाजत दी गई है। नए नियमों के मुताबिक, सत्यापन के लिए पास धारकों को रोका जाता है और उनसे पूछताछ की जाती है और फिर उन्हें मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। भक्तों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह नए नियम बनाए गए हैं।

### 30 देशों के प्रवासी भारतीयों ने किए दर्शन

हनुमान चालीसा पाठ व श्रीरामलला के जयकारों के साथ सोमवार को 30 देशों के 90 अप्रवासी भारतीयों संग 400 श्रद्धालुओं की टोली ने रामलला के दर्शन किए। सभी अभिभूत नजर आए। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी का भव्य अभिनंदन किया गया। इनका नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड एंबेसडर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं को राम नामी दुपट्टा ओढ़ाकर माथे पर चंदन का तिलक लगाया गया। बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर रामभक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल जी, हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश, उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेंद्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे। दल में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे।


## रविंद्र मंच के मिनी थिएटर में हुआ नाटक यूथेनेसिआ का मंचन

# मूकाभिनय से समझाया इच्छा मृत्यु और अच्छी मृत्यु में भेद

बेधड़क | जयपुर

कला प्रेमियों को मूकाभिनय की कला प्रभावित कर गई। फिर कलाकारों ने उसे और भी उच्च कोटि का बनाते हुए बारीकियां दर्शाईं।

ये अनूठा नाटक रवींद्र मंच के मिनी थिएटर में 'यूथेनेसिया' नाम से मंचित किया गया। इसमें रंजना चोपड़ा (एडिशनल डायरेक्टर) मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। साथ ही रवींद्र मंच की और से सोविला माथुर ने शिरकत की। इस मौके पर कलाकार अन्नपूर्णा शर्मा व अन्य रंगमंच के कलाकार मौजूद रहे।





### ग्रीक शब्द से आया नाटक का नाम

यूथेनेसिया एक ग्रीक शब्द है, जिसका अर्थ अच्छी मृत्यु होता है। कहानी द्वारा इच्छा मृत्यु और अच्छी मृत्यु का अंतर समझाया गया। यह मानसिक रूप से विक्षिप्त 18 वर्षीय लड़की रिया की कहानी है। उसकी विकलांगता उसकी 50 वर्षीय मां की ओर से समय से पहले जन्म के कारण है। जब वह 15 वर्ष की हुई तो उसकी मां की मृत्यु हो गई। उसकी छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण उसका जीवन संकटपूर्ण हो गया। उसके पिता अकेले ही उसकी देखभाल करने की पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण अक्सर असफल होते हैं।

### भाई भी नहीं कर पाता मदद

रिया का भाई डैनी उससे 7 साल बड़ा है और अपनी नौकरी के कारण वह रिया की देखभाल में अपने पिता की मदद नहीं कर सकता। साथ ही वह रिया को अपने माता-पिता की गलती मानता है। वह अपनी बहन से प्यार करता। एक बार वह अपने पिता का पीछा करते हुए अपना घर छोड़ देती है, जहां उसका भाई उसे एक कार दुर्घटना से बचाता है। पिता इसे अपने बेटे की गलती मानकर उस पर नाराज होता है। इस प्रकार कई मोड़ लेते हुए कहानी आगे बढ़ती है।



### इंजेक्शन के लिए डॉक्टर को रिश्वत

लड़की को यूथेनेसिया सॉल्यूशन का इंजेक्शन लगाने के लिए एक डॉक्टर को रिश्वत देने का फैसला किया जाता है, लेकिन उसके उपयोग से पहले ही उसकी मृत्यु हो जाती है। पिता सोचता है कि उसकी बेटी की मृत्यु उसके बेटे के कारण हुई है और वह अपने बेटे को घर से निकाल देता है। पिता ख्वाबों में अपनी बेटी को देखता है। वह उसे समझाती है, कि उसकी मृत्यु स्वाभाविक रूप से हुई है और यह भाई का काम नहीं था। पिता उसकी बात से आश्वस्त हो जाता है और बेटे को वापस घर लाता है। मंच पर पिता के रूप में विचित्र बहादुर सिंह, पुत्री प्रियंका चंदानी, भाई रामकेश मीणा थे।

## संतों ने जीमी पंगत प्रसादी



**बेधड़क. जयपुर।** निम्बार्क संत अनंत श्री विभूषित तपोमूर्ति बाबा शुकदेवदास महाराज के वृंदावन स्थित गौतम मुनि आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के मीडिया प्रभारी आचार्य ब्रजबिहारी शर्मा ने बताया कि निम्बार्क आश्रम नायला तथा गौतम मुनि आश्रम के महंत सर्वेश्वरशरण महाराज के सान्निध्य में आयोजित भंडारे में सभी संप्रदायों के करीब 6000 झरा साधु-संतों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। महंत सर्वेश्वरशरण तथा मुकुंदशरण महाराज ने वैदिक परम्परानुसार सभी विरक्त संतों को सम्मान स्वरूप दक्षिणा भेंट की।

## आज जयपुर में होंगे अंकुर

**बेधड़क. जयपुर।** फिक्की फ्लो जयपुर की मैंबर्स से वक्ता अंकुर वारिकू रूबरू होंगे। कार्यक्रम में वित्त, उद्यमिता, फिटनेस और व्यक्तिगत विकास जैसे विषयों पर चर्चा होगी। मंगलवार को होने वाले इवेंट में वारिकू वित्त को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, उद्यमी यात्रा का संचालन करने और सार्वत्रिक कुशलता को अपनाने पर बात करेंगे। एमएसएमई प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम दान वाहन पहल की जानकारी दी जाएगी। शाम 6:30 बजे से मयूर स्कूल में होने वाले इवेंट में अध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में फ्लो मैंबर्स उपस्थित होंगी।

## टीम 10 करेगी श्रमदान



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस मंगलवार को विद्याधर नगर के सेक्टर 2 के सतलज अपार्टमेंट के पास वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधा रोपण और श्रमदान करेगी। दूसरा ग्रुप दीवारों और रेलिंग पर रंग और पेंट करेगा। वहीं, तीसरा ग्रुप टैंकर से पानी डालेगा। इससे पहले सोमवार को भी श्रमदान किया गया, जिसमें 24 लोगों ने काम किया। 13 बड़े टैंकर पानी पेड़ों में डाला गया औश्र पिकअप से मलवा उठाया गया।

## City इवेंट्स

### प्लास्टिक काम में नहीं लेने की शपथ



**बेधड़क. जयपुर।** नव जन जागृति मंच व अन्नपूर्णा नारी संगठन की ओर से उद्योग नगर निवारू रोड, झोटवाड़ा स्थित जागृति प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संगठन की पदाधिकारियों ने पक्षियों के लिए परिंडे भी बांधे। सभी सदस्यों को धरती प्रदूषण मुक्त रखने व पर्यावरण संरक्षण और दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मंजू शर्मा, नमिता अग्रवाल, डॉ. सुरभि सिंह, डॉ. प्रभा शर्मा, गीत आर्य, गायत्री शर्मा, संजू टेलर उपस्थिति रहीं।

### जयपुर में सजेगी नृत्यों की महफिल

**बेधड़क, जयपुर।** विश्व नृत्य दिवस पर 29 मार्च को नृत्यों का खास कार्यक्रम 'नृत्यति' आयोजित किया जाएगा। समारोह में पं. गिरधारी महाराज द्वारा स्थापित लक्ष्मी नारायण नृत्य आश्रम में महाराज द्वारा प्रशिक्षित डॉ. श्वेता गर्ग द्वारा स्थापित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कथक डांस एंड म्यूजिक में श्वेता द्वारा प्रशिक्षित छात्राएं नृत्य कौशल दिखाएंगी। दिल्ली के धीरेन्द्र तिवारी विशिष्ट अतिथि कलाकार के रूप में कथक नृत्य की एकल प्रस्तुति देंगे।

### सेव अर्थ-सेव लाइफ का दिया संदेश



**बेधड़क, जयपुर।** शहर के चाइल्ड आर्टिस्ट अर्विक ने विश्व पृथ्वी दिवस पर सेव अर्थ-सेव लाइफ का संदेश दिया। उन्होंने पोस्टर लेकर लोगों को इस दिन का मतलब समझाया और धरती को बचाने की अपील की। इसमें उन्होंने पर्यावण को नुकसान नहीं पहुंचाने की बात कही।

## पीएस एरेना में खेले गए फाइनल मैच

# JCP लीग में एल्गो रॉयल्स ने प्लेटिनम कप पर किया कब्जा



बेधड़क | जयपुर

जयपुर कॉर्पोरेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित 'जयपुर कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग' और 'कॉर्पोरेट का विश्व कप' क्रिकेट चैम्पियनशिप के फाइनल मैच पीएस एरेना में खेले गए। मैच विनर्स को चीफ गेस्ट आईपीएस अंशुमन भोमिया और गेस्ट ऑफ ऑनर इंटरनेशनल क्रिकेट प्लेयर पंकज सिंह ने मेडल्स और ट्रॉफी दी। कॉर्पोरेट का विश्व कप के फाइनल मुकाबले में डॉयचे बैंक ने हीरो सीआइटी को 10 विकेट से हराया। मैच में कप्तान रविंद्र जांगिड को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। वहीं जयपुर कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग में प्लेटिनम कप के रोमांचक फाइनल में एल्गो रॉयल्स ने अल्फा वारियर्स को 2 विकेट से हराया। कप्तान गौरांग अग्रवाल ने बताया, कि राहुल चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे फाइनल गोल्ड कप में सिटी थंडर ने बिगी ईगल्स को 68 रन से हराया। सिल्वर कप के फाइनल मुकाबले में स्मैशर्स टीम ने दी वारियर्स टीम को 31 रन से हराया। जयपुर कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग की फेयर प्ले ट्रॉफी इस बार वृंदा क्रिकेट क्लब ने जीती।

सभी मैचों को प्लेयर्स के फ्रेंड्स के साथ खेल प्रेमियों ने एंजॉय किया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। ब्ल्यू ड्रेस में क्रिकेटर्स ने अपनी सक्सेज को एंजॉय करते हुए चीयरअप किया।

## संकल्प-पत्र और फोल्डर का विचोचन

# श्रावकाचार झांकी निकाली, सात व्यसन त्यागने का दिया संदेश



बेधड़क | जयपुर

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर्व पर दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान एवं सांगानेर संभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्रावकाचार झांकी निकाली गई। इसमें मद्य- मांस, मधु आदि सप्त व्यसनों का त्याग, प्रतिदिन देव दर्शन, गुरु उपासना आदि षष्ठ आवश्यक, रात्रि भोजन त्याग, पानी छानकर पीना एवं जैन शाकाहार अपनाने का संदेश दिया गया। सांगानेर संभाग अध्यक्ष मुख्य संयोजक कैलाशचंद मलैया ने बताया कि प्रेमचंद बड़जात्या, सुरेन्द्र कुमार झांझरी, बाबूलाल ईटून्दा, डॉ. अरविन्द कुमार जैन आदि का विशेष सहयोग रहा। झांकी में चौमूं बाग, प्रतापनगर सेक्टर- 3, 5 एवं 8 इकाइयों के बच्चे सहभागी रहे।

लक्ष्मी सेठी चौमूं बाग का जिनेन्द्र भक्ति नृत्य आकर्षण रहा। झांकी के साथ अंचल अध्यक्ष अनिलकुमार जैन आईपीएस, कार्याध्यक्ष सुरेशचंद्र जैन बांदीकुई वाले, कार्याध्यक्ष डॉ. णमोकार जैन, महामंत्री महावीर कुमार बाकलीवाल, मंत्री भागचन्द जैन मित्रपुरा वाले आदि मौजूद रहे। दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान द्वारा इस वर्ष श्रावकाचार वर्ष-2024 घोषित किया गया है। इसके तहत श्रावकाचार झांकी निकाली गई। इस अवसर पर श्रावकाचार संकल्प-पत्र एवं श्रावकाचार फोल्डर का विचोचन एवं वितरण किया गया।

**मिस राजस्थान** जयपुर का पहला ऑडिशन संपन्न, लास्ट ऑडिशन 26 को होगा

# 20 कस्बों की गर्ल्स ने आजमाया भाग्य



बेधड़क | जयपुर

फ्यूजन ग्रुप व प्राइम सफारी के सहयोग से आयोजित राजस्थान के ब्यूटी पेजेंट के 26वे संस्करण में जयपुर के पहले ऑडिशन में पूरे राजस्थान के 20 शहरों व गांव और कस्बों से गर्ल्स ने अपना भाग्य आजमाया। आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान के लिए आखिरी ऑडिशन 26 अप्रैल ऑडिशन होटल प्राइम सफारी में आयोजित किया जाएगा। इस ऑडिशन वो लड़कियां ऑडिशन दे पाएंगी, जिन्होंने अभी तक ऑडिशन नहीं दिया है। ऐसे में प्रतिभाओं एक और मौका दिया जाएगा, जिससे मिस राजस्थान 2024 में पार्टिसिपेट कर अपने सपनों की उड़ान भर सकेंगी।

### ऑन द स्पॉट भी होगा ऑडिशन का रजिस्ट्रेशन

मिस जिन पार्टिसिपेंट ने पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है वो मौके पर डायरेक्ट आ के ऑडिशन दे सकेंगी। जिन्होंने अब तक भी अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वह ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन करा कर के अपना ऑडिशन दे सकती हैं। एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया 5.3 हाइट और 17 से 28 वर्ष की अनमैरिड राजस्थान की गर्ल्स मिस राजस्थान में पार्टिसिपेट कर पाएगी। ड्रेस कोड ब्लैक वन पीस पहन के ऑडिशन दिया जा सकेगा। ऑडिशन डिटेल ऑफिशियल नंबर 9314612168 पे मेसेज कर ली जा सकेगी।

### टॉप 70 गर्ल्स जाएंगी इन्टरव्यू राउंड में

गौर तलब है कि मिस राजस्थान की टॉप फाइनलिस्ट को नेशनल व इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट में पार्टिसिपेट करने के लिए एक महीने की ग्रूमिंग ट्रेनिंग के साथ ट्रेंड किया जाता है व गर्ल्स यहां से ट्रेंड होकर नेशनल इंटरनेशनल ब्यूटी प्रेजेंट्स में राजस्थान का नाम रोशन करती आ रही हैं। ऑडिशन के बाद निवार अकादमी ऑफ डिज़ाइन में टॉप 70 गर्ल्स के इन्टरव्यू राउंड का आयोजन होगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024





अपने सबसे बड़े जुनून को पूरा करने में पूरी निर्दयता बरतो।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### तस्वीरों में ईरान के S-300 एयर डिफेंस सिस्टम के क्षतिग्रस्त होने के मिले हैं सबूत

# सैटेलाइट तस्वीरें बयां कर रही है तबाही के निशां

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और ईरान के बीच जंग के आसार लगातार बने हुए हैं। पिछले हफ्ते ईरान के इस्फ़हान प्रांत पर इजराइल ने ही ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इजराइल ने ईरान के उस क्षेत्र को निशाना बनाया, जहां उसका न्यूक्लियर प्लांट और वायु रक्षा प्रणालियां हैं। ईरान पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं जो तबाही के निशान बयां कर रही है। तस्वीरों में ईरान के S-300 एयर डिफेंस सिस्टम के क्षतिग्रस्त होने के सबूत मिले हैं। इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजराइल लेने को तैयार है और ना ही ईरान मान रहा है कि उस पर हमला हुआ है।

दोनों देशों के बीच जंग कथित तौर पर इजराइल ने 1 अप्रैल को तब शुरू किया जब उसने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हवाई हमला करके उसके टॉप कमांडर समेत 13 की हत्या कर दी। एजेंसियों का कहना है कि इजराइल ने हमले किए हैं, लेकिन वह न तो हमले की जिम्मेदारी ले रहा है और ना ही हमले से इनकार कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि ये विस्फोट ईरान द्वारा इजराइली क्षेत्र में 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन हमले के जवाब में किया गया है। महज दो हफ्ते में इजराइल और ईरान के बीच तनाव इतना गहरा गया है कि जंग कभी भी शुरू होने की आशंका है। न्यूज एजेंसियों ने ईरान के उस क्षेत्र की सैटेलाइट तस्वीरों से दावा किया है कि जहां ड्रोन और मिसाइल छोड़ी गई उसके पास ही ईरान की न्यूक्लियर साइट है। सैटेलाइट में 15 और 19 अप्रैल की दो तस्वीरों का विश्लेषण किया गया है। 15 अप्रैल तो जगह सामान्य है, लेकिन 19 अप्रैल को ईरानी के एक S-300 एंटीएयरक्राफ्ट सिस्टम पर हमला देखा जा सकता है।





### ईरानी डिफेंस सिस्टम को चकमा दे गई इजराइली मिसाइल

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के जिस जगह पर हमला हुआ है, वहां रडार, विशिष्ट मिसाइल लांचर और अन्य उपकरणों से लैस कई वाहन शामिल हैं। इसी स्थान पर कथित तौर पर ड्रोन और मिसाइलों ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला किया। इससे पता लगता है कि इजराइली हथियार ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने में कामयाब रहे और एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली से लैस क्षेत्र पर सफलतापूर्वक हमला किया।

### हमला होने की बात नहीं मान रहा ईरान

रिपोर्ट के अनुसार ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि ईरान की सेना को 19 अप्रैल को उसके हवाई क्षेत्र में किसी भी ड्रोन, मिसाइल या विमानों का पता नहीं चला है। उनका कहना है कि हम पर कोई मिसाइल हमला नहीं हुआ था और ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ऐक्टिव भी नहीं हुई थी। ईरान की एस-300 रक्षा प्रणाली का रडार इजराइली हमले के बाद क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन मिसाइल लांचर ठीक हैं। एजेंसी ईरान इंटरनेशनल का कहना है कि सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता लगता है कि सिस्टम का रडार, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को पकड़कर उन्हें नष्ट करता है, वह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है। साफ है कि हमला हुआ है, लेकिन सरकार मानने को तैयार नहीं है।

### आईडीएफ चीफ का इस्तीफा



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले के सिलसिले में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमले की विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा के पद से इस्तीफा देने की सूचना आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर साझा की है। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं।

### लेबनान में इजराइली हमले में एक आतंकवादी की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनानी गांव पर इजराइली हवाई हमले में अमल मूवमेंट का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि इजराइली बलों ने दक्षिणी लेबनान के 8 सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 12 हवाई हमले किए। इसमें 15 घर तबाह हो गए और 25 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उनके लड़ाकों ने अल-मलिकियाह, मिसगाव अम, जल अल-आलम और डोविव बैरक की इजराइली साइट्स पर हमला किया।

### इस्लामाबाद पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति



**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। इस दौरे के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का विमान से उतरते हुए फोटो जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक बयान में कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और विदेश मंत्री तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि इस यात्रा का समापन बुधवार होगा। इस दौरान दोनों मुस्लिम पड़ोसी इस साल अभूतपूर्व सैन्य हमलों के बाद संबंधों को सुधारने की कोशिश करेंगे।

### राष्ट्रीय मौसम कार्यालय ने बड़े तूफान की चेतावनी जारी की

# दुबई के बाद चीन में भयावह बाढ़ का अलर्ट



**एजेंसी** | बीजिंग

यूएई और ओमान समेत कुछ खाड़ी देशों ने बीते हफ्ते भारी बारिश और बाढ़ का सामना किया है। दुनिया के अहम शहरों मे से एक दुबई में एक दिन में ही एक साल के बराबर बारिश हुई, जिससे जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। यूएई के बाद चीन भी भारी बारिश और बाढ़ का सामना कर रहा है। दक्षिणी चीन में भूस्खलन के बाद और ज्यादा भीषण बाढ़ का अंदेशा है। चीन की ये बाढ़ कितनी भयावह है, इसका अंदाजा इस बात ये लगाया जा सकता है कि मौसम के जानकारों इसे सदी में केवल एक बार आने वाली भीषण बाढ़ कह रहे हैं। 12 करोड़ से ज्यादा की आबादी इस मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। इस बारिश के बाद इलाके की प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और इसके 19 फीट तक बढ़ने की संभावना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन से आई तस्वीरों में सड़कों और शहरों में पानी भरा हुआ दिख दे रहा है। हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है। चीन के सरकारी टीवी चैनल ने कहा कि हांगकांग के पास 127 मिलियन लोगों की आबादी वाले गुआंगडोंग क्षेत्र में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है। मौसम में तजी से आए बदलाव के बाद चीन के राष्ट्रीय मौसम कार्यालय ने निवासियों को बड़े तूफान की चेतावनी जारी की है, जिससे बाढ़ भयावह रूप ले सकती है।

### नदी का पानी खतरे के निशान से 19 फीट ऊपर तक बढ़ने की संभावना

बेई नदी बेसिन में ग्वांगडोंग से होकर गुजरने वाले तीन स्थान भारी बारिश के प्रभाव के चलते सदी में एक बार देखी जाने वाली बाढ़ का सामना करेंगे। बारिश के बाद नदी का पानी खतरे के निशान से 19 फीट ऊपर तक बढ़ने की संभावना है। जल बेसिन के अन्य हिस्सों में ऐसी बाढ़ आने की आशंका है जो हर 50 साल में केवल एक बार देखी जाती है। बेई नदी पर लगे चेतावनी गेजों ने बीस अलग-अलग निगरानी बिंदुओं पर अलार्म बजाया गया।

### कब्रिस्तान में चमत्कार

# मरी मां की कोख से बेटी का जन्म

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच 7 महीने से जंग जारी है। इजराइली हमलों में गाजा पट्टी कब्रिस्तान में तब्दील हो चुकी है, लेकिन इस कब्रिस्तान में भी एक चमत्कार हुआ है। रफाह में रविवार पूरी रात इजराइल ने बमबारी की। इस दौरान दो घरों पर गिरे बम की चपेट में आकर एक ही परिवार के 13 बच्चे मारे गए। साथ ही एक गर्भवती फिलिस्तीनी महिला भी अपने पति और बेटी के साथ मारी गई। इस मुश्किल हालात में कुछ लोग मददगार बनकर आए। आनन-फानन में डॉक्टरों ने सी सेक्शन के जरिए महिला की कोख में पल रही बच्ची को बचा लिया। बच्ची को अस्पताल में रखा गया है। उसके रोने की आवाज सुनकर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ के चेहरे पर सुकून है। बच्ची की देखभाल कर रहे डॉक्टर मोहम्मद सलामा ने कहा कि नवजात का वजन 1.4 किलोग्राम है। उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। मौत के वक्त महिला सबरीन अल-सकानी 30 सप्ताह की गर्भवती थीं। बच्ची को राफा अस्पताल में एक अन्य शिशु के साथ इनक्यूबेटर में रखा गया है। उसे 'शहीद सबरीन अल-सकानी का बच्चा' नाम दिया गया है।

### बहन नाम रखना चाहती थी रूह



सकानी की छोटी बेटी मलक भी हमले में मारी गई। चाचा रामी अल शेख ने बताया कि मलक अपनी बहन का नाम रूह रखना चाहती थी, जिसका अरबी में अर्थ आत्मा होता है। छोटी बच्ची मलक खुश थी कि उसकी बहन दुनिया में आ रही है। डॉक्टर सलामा ने कहा कि बच्ची को तीन से चार सप्ताह तक अस्पताल में रखना होगा। इसके बाद हम उसे डिस्चार्ज करने के बारे में सोचेंगे। उसके बाद तय होगा कि यह बच्ची कहां जाएगी? परिवार के पास चाची या चाचा या दादा-दादी के पास रहेगी। यहां सबसे बड़ी त्रासदी है। अगर यह बच्ची बच भी गई तो वह अनाथ पैदा हुई है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl